CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 | अंक -298 | राजनांदगांव, सोमवार 16 सितंबर 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




## फरवरी की बजाए नवंबर में चुनाव कराने की मांग कर रही है आप, केजरीवाल का 'ट्रंप स्ट्रोक' क्या होगा कारगर



नई दिल्ली। शराब घोटाला मामले में जेल से बाहर आते ही सीएम अरविंद केजरीवाल ने अपने पद से इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया है। उनका दावा है कि वो अगले दो दिन में सीएम पद से इस्तीफा दे देंगे। साथ ही आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में अगले साल फरवरी की जगह इसी साल नवंबर में विधानसभा चुनाव कराने की मांग कर दी है। आज 15 सितंबर को पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि अगर मैं ईमानदार हूं तो मुझे वोट देना, आप जब चुनाव में जीता दोगे तभी मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी बैठूंगा। केजरीवाल ने कहा कि इस्तीफा इसलिए दे रहा हूं क्योंकि बीजेपी ने मुझ पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। आज मैं अग्नि परीक्षा के लिए तैयार हूं। वहीं आदमी पार्टी ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव फरवरी 2025 के बजाय नवंबर 2024 में ही कराने की मांग की है।

### समय से पहले क्यों चुनाव चाहती है आप

ऐसे में सवाल यह है कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में समय से पहले विधानसभा चुनाव कराने की मांग क्यों की है? मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल फरवरी 2025 तक है। लेकिन आम आदमी पार्टी ने चुनाव आयोग से महाराष्ट्र, झारखंड के साथ-साथ दिल्ली में एक साथ विधानसभा चुनाव कराने की मांग की है, ताकि जनता जल्दी फैसला ले पाए। हालांकि, विधानसभा भंग को लेकर आम आदमी पार्टी ने कहा कि इसकी कोई जरूरत नहीं है। 6 महीने से कम समय रहने पर चुनाव आयोग चाहे तो चुनाव करवा सकता है।

### इमोशनल ग्राउंड के आधार पर

केजरीवाल का पद से इस्तीफा देने और नवंबर में चुनाव कराने की मांग के पीछे जनता के बीच इमोशनल जुड़ाव कर लाभ लेने की योजना है। दिल्ली की राजनीति के जानकारों का कहना है कि अभी चुनाव होते हैं तो उसका फायदा आम आदमी पार्टी को मिल सकता है, क्योंकि फिलहाल अरविंद केजरीवाल को लेकर वोटरों के बीच में इमोशनल ग्राउंड तैयार है। चुनाव में अगर नया जनादेश मिलेगा तो नए सिरे से सरकार बनेगी। इसके बाद पार्टी के नेता इसे नैतिक जीत बताएंगे।

### बीजेपी का ध्यान भटकाने का कोशिश

महाराष्ट्र और झारखंड के साथ अगर दिल्ली में भी चुनाव होते हैं तो बीजेपी ज्यादा फोकस नहीं कर पाएगी। वैसे भी मौजूदा समय में दिल्ली में बीजेपी मजबूत स्थिति में है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू का विवादित बयान, बोले- 'राहुल गांधी देश के नंबर-1 आतंकी, उन पर इनाम रखना चाहिए'



नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता रवनीत सिंह बिट्टू ने राहुल गांधी को लेकर एक विवादित बयान दिया है। बिट्टू ने राहुल गांधी को देश का नंबर वन आतंकी बता दिया है। उन्होंने कहा कि उन पर सबसे बड़ा इनाम रखा जाना चाहिए। बिट्टू ने राहुल गांधी पर सिखों के बीच फूट डालने की कोशिश की है। राहुल गांधी देश के नंबर वन टेररिस्ट हैं। बिट्टू ने ये विवादित बातें राहुल गांधी के अमेरिका में सिखों को लेकर दिए बयान को लेकर कही है।

### राहुल गांधी नंबर वन आतंकवादी

केंद्रीय मंत्री बिट्टू ने बिहार के भागलपुर में कहा, मैं चैलेंज कर रहा हूं, कोई सिख यहां खड़ा होकर बताए कि किसी ने उनसे बोला हो कि आप कड़ा नहीं डाल सकते, किसी ने कहा हो कि आप पगड़ी नहीं पहन सकते। किसने कहा हो कि गुरुद्वारे में नहीं जा सकते। एक सिख यहां खड़ा होकर कह दे, मैं अभी बीजेपी छोड़ दूंगा।

चिंगारी लगाने के लिए पहले मुस्लिमों को यूज करने की कोशिश की अब नहीं हुआ तो बिल्कुल बॉर्डर पर जो सिख हैं जो देश की रक्षा करते हैं उनमें फूट डालने की कोशिश कर रहे हैं। बिट्टू ने कहा, राहुल देश के वांटेड हैं वो जो बयान देते हैं ऐसे बयान वांटेंड देते हैं। अब बम, गोला- बारूद बनाने वाले जो अलगाववादी हैं, उन्होंने अब राहुल गांधी के बयान को सराहा है और उनकी बात राहुल गांधी ने कही है। जो हर वक्त लोगों को मारने की कोशिश करते हैं, उड़ाने की बात करते हैं, वो लोग जब राहुल गांधी के समर्थन में आ गए तो समझ लीजिए देश के नंबर वन टेररिस्ट राहुल गांधी हैं और उनको पकड़ने के लिए सबसे बड़ा इनाम होना चाहिए

### राहुल गांधी को हिन्दुस्तान से प्यार नहीं - बिट्टू

बिट्टू ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मेरे ख्याल से राहुल गांधी पहले तो हिन्दुस्तानी नहीं हैं। ज्यादा टाइम उन्होंने इंडिया के बाहर बिताया है। उनकी फैमिली वहां पर है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मोदी की रैली : पीएम बोले- 'बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ खड़े हैं जेएमए के लोग'



जमशेदपुर। झारखंड के जमशेदपुर में पीएम नरेंद्र मोदी ने एक रैली को संबोधित करते हुए विपत्र पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ खड़े हैं। अब हाल यह हो गया है कि घुसपैठिए और कट्टरपंथी जेएमएम को अपने कब्जे में लेते जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज जमशेदपुर में रोड शो होना था, लेकिन मौसम खराब होने की वजह से वह नहीं पहुंच पाए। इसकी वजह से प्रधानमंत्री ने रांची से ही 6 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद पीएम जमशेदपुर पहुंचे और जनसभा को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि बारिश कितनी ही तेज क्यों न हो, रुकावटें कितनी ही ज्यादा क्यों न हो, लेकिन कोई भी रुकावट मुझे आपसे अलग नहीं कर सकती है। मैं आपके दर्शन किए बिना वापस नहीं जा सकता हूं, इसलिए सड़क मार्ग से ही आप सबके दर्शन करने पहुंच गया।

### झारखंड को क्रांति और बलिदान की धरती बताया

मोदी ने अपनी रैली में कहा कि झारखंड क्रांति और बलिदानों की ये धरती है, भगवान बिरसा मुंडा के तप, त्याग और आशीर्वाद की ये धरती है। मैं झारखंड की इस महान धरती को प्रणाम करता हूं। आज करमा पूजा के उमंग के बीच यहां आने से पहले मुझे झारखंड को विकास की कई बड़ी सौगात देने का सौभाग्य भी मिला है। मैं आप सबको करमा पर्व की बधाई देता हूं।

### जेएमए और सोरेन परिवार पर साधा निशाना

पीएम मोदी ने चंपाई सोरेन का जिक्र करते हुए, 'जेएमए के लिए आदिवासी समाज का सम्मान की जगह इनका सियासी फायदा सबसे ऊपर है। आज झारखंड का गरीब आदिवासी पूछ रहा है क्या चंपई सोरेन जी आदिवासी नहीं थे क्या? क्या वो एक गरीब परिवार से नहीं आते थे क्या? लेकिन जिस तरह उन्हें अपमानित किया गया, जिस तरह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर कब्जा करने के लिए उन्हें अपमानित करते हटाया गया (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## हत्या के संदेह में पूर्व सरपंच के घर में लगाई आग, एक की मौत, ग्रामीणों के हमले से एसपी अभिषेक पल्लव समेत कई पुलिसकर्मी घायल



कवर्धा (दावा)। कबीरधाम जिले के रेंगाखार थाना क्षेत्र के लोहारीडिह गांव में तनावपूर्ण माहौल ने तब विकराल रूप धारण कर लिया जब गांव वालों ने पूर्व सरपंच रघुनाथ साहू के परिवार के घर पर हमला कर दिया। इस हिंसक घटना में घर में आग लगा दी गई, जिससे एक व्यक्ति की जलकर मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति लापता है। घटना के बाद गांव में पुलिस की कार्रवाई के दौरान पथराव और मारपीट की घटनाएं भी सामने आई, जिसमें पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिषेक पल्लव समेत कई पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं।

### घटना की शुरुआत और तनाव की जड़

रविवार की सुबह लोहारीडिह गांव के शिवप्रसाद साहू की लाश मध्यप्रदेश की सीमा से सटे जंगल में फांसी पर लटकी मिली थी। इस खबर के फैलते ही गांव में हड़कंप मच गया। शिवप्रसाद की मौत को आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए ग्रामीणों ने इसे हत्या करार दिया और शक की सुई पूर्व सरपंच रघुनाथ साहू और उनके परिवार पर आकर ठहर गई।

### आरोपों के बाद हिंसा और आगजनी

गांव वालों ने शिवप्रसाद की मौत के लिए पूर्व सरपंच को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके घर पर हमला कर दिया। सैकड़ों की संख्या में इकट्ठे ग्रामीणों ने रघुनाथ साहू के मकान को घेर लिया और उनके परिवार पर हमला बोल दिया। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों से मारपीट की गई। इसके बाद आक्रोशित भीड़ ने घर में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आगजनी के दौरान घर में रखा गैस सिलेंडर भी ब्लास्ट हो गया, जिससे मकान पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। इस भीषण आग में एक व्यक्ति की जलकर मौत हो गई, हालांकि अभी तक उसकी पहचान की पुष्टि नहीं हो पाई है। इसके साथ ही परिवार का एक सदस्य अब भी लापता है।

### पुलिस कार्रवाई और हमले का शिकार

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव के नेतृत्व में पुलिस बल गांव पहुंचा, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## चुनाव से पहले महाराष्ट्र में बड़ा पॉवर प्रोजेक्ट अडाणी को देने पर सवाल

**कांग्रेस बोली- चौंकाने वाला खुलासा जल्द**

महाराष्ट्र। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने रविवार को महाराष्ट्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए अडाणी समूह को 6,600 मेगावाट की बिजली परियोजना का कान्ट्रैक्ट देने के फैसले पर सवाल उठाए। राज्य विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए इसे 'मोदाणी इंटरप्राइज' करार दिया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अदाणी समूह के मुखिया गौतम अदाणी के बीच कथित नजदीकियों को लेकर तंज कसा है। रमेश ने आगे कहा कि महाराष्ट्र की महायुति सरकार चुनाव में संभावित हार के मद्देनजर यह सौदा अंतिम दिनों में जल्दबाजी में कर रही है। उन्होंने दावा किया कि इस 'गड़बड़ी वाले सौदे' से (शेष पृष्ठ 6 पर...)





## मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पूजा के दिन श्रमिकों को करेंगे 49.43 करोड़ की राशि वितरित, डी.बी.टी. के जरिये खाते में आयेंगे पैसे



रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश के श्रमिकों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। जिसका सीधा लाभ श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को मिल रहा है।

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 17 सितंबर विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर 'श्रमिक सम्मेलन' में 57 हजार से अधिक पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को 49 करोड़ 43 लाख 52 हजार 294 रूपए केन्द्रीकृत डी.बी.टी. के माध्यम से वितरण करेंगे। यह सम्मेलन राजधानी के इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय जोरा के कृषि मंडपम में आयोजित होगा। श्रम विभाग के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि प्रदेश के पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को श्रम विभाग के अधीन छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सर्निन्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत 47 हजार 726 निर्माण श्रमिकों 38 करोड़ 37 लाख 10 हजार 652 रूपए, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत 6873 श्रमिकों को 9 करोड़ 86 लाख 58 हजार 500 रूपए एवं छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## केंद्रीय मंत्री गडकरी का बड़ा खुलासा- विपक्ष ने प्रधानमंत्री पद ऑफर किया था, लेकिन ठुकरा दिया

नागपुर। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को नागपुर में लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ा खुलासा किया। पत्रकारिता पुरस्कार समारोह में शामिल हुए गडकरी ने कहा कि उन्हें 2024 चुनाव से पहले एक वरिष्ठ विपक्षी नेता ने प्रधानमंत्री पद का ऑफर दिया था, जिसे उन्होंने सिरे से खारिज कर दिया। गडकरी ने कहा, मैंने उस नेता से कहा कि मैं एक विचारधारा और सिद्धांतों का पालन करने वाला व्यक्ति हूं। मैं उस पार्टी में हूं, जिसने मुझे वो सब कुछ दिया, जिसका मैंने कभी सपना भी नहीं देखा था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)







CMYK

# तिरंगा मंडल की सम्मोहित करेगी सृष्टि रचना की झांकी, बाल समाज लेकर आ रहा अश्वमेघ का घोड़ा, लव-कुश का घोड़े को रोकना व सीता का धरती में प्रवेश लोगों को करेगा रोमांचित

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधान नगरी की गौरवशाली गणेशोत्सव परम्परा के अनुरूप इन दिनों शहर सहित अंचल भर में गणेश पूजन की धूम बनी हुई है। शनिवार 7 सितम्बर से विराजे विघ्नहर्ता भगवान गणपति का आज 10वां दिन है। कल अनंत चतुर्दशी को भगवान लम्बोदर की मनोहारी प्रतिमाओं का धूमधाम के साथ विसर्जन किया जाएगा। अनंत चतुर्दशी शहर भी गौरवशाली परम्परा के अनुरूप गणेश विसर्जन के लिए एक से बढ़कर एक मनोमुग्धकारी विसर्जन झांकियाँ निकाली जाती है। शहर की गणेशोत्सव समितियां इसकी भव्य तैयारियाँ की जा रही है।

समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य दिन रात एक कर झाँकियों के निर्माण में जुटे हुए है। अश्वमेघ घोड़ा की

## तिरंगा में शिव विष्णु गणेश शेषनाग आदि की 20 चलित मूर्तियां करेगी आकर्षित





आकर्षक झांकी शहर की सबसे पुरानी गणेशोत्सव समिति बाल समाज (गंज लाइन) इस बार गणेश विसर्जन की झांकी में त्रेतायुग की घटना पर आधारित भगवान श्री राम द्वारा अश्वमेघ यज्ञ कर छोड़ गए अश्वमेघ घोड़े की थीम को लेकर आ रहा है। जिसमें लव-कुश को घोड़े को रोकते हुए तथा माता सीता को धरती में प्रवेश करते हुए दिखाया गया है। इस मार्मिक दृश्य के साथ अश्वमेघ के उक्त सफेद घोड़े को छुड़ाने के लिए लक्ष्मण एवं हनुमान जी का आना तथा लव-कुश के हाथो उनका परास्त होना बहुत ही बखूबी से दिखाया गया है। इससे भगवान श्री राम भी लव-कुश के पास जाते हुए नजर आएंगे वही माता सीता को धरती में समा जाने से रोकते हुए प्रभू श्री राम जी नजर आएंगे।

बाल समाज के अध्यक्ष दामू भूतड़ा ने बताया कि दुर्ग से बनकर आ रही उक्त चलित झांकी में विशाल आर्च के बीच ऋद्धि-सिद्धी वाले भगवान गणेश जी विद्यमान रहेंगे। झांकी में मूविंग करती हुई 11 मूर्ति सामने तथा 10 मूर्ति पीछे रहेगी। अलय आर्ट द्वारा निर्मित उक्त झांकी के निर्माण कर्ता गोलू रामटेके है। रंग-बिरंगी लाईटिंग से सुसज्जित इस भव्य एवं आकर्षक झांकी के साथ गुरूकृपा की धुमाल पार्टी व नृत्य पार्टियों का प्रदर्शन लोगों का मन मोह लेगा। सृष्टि रचना की आकर्षक झांकी प्रायः हर बार लोक संस्कृति की झलक दिखाने वाली तिरंगा मंडल (भरका पारा) की विसर्जन झांकी इस बार सृष्टि रचना वाली थीम को लेकर बनी हुई है। तिरंगा मंडल के अध्यक्ष पंकज गुप्ता व झांकी निर्माण कर्ता गणेश प्रसाद गन्नू (गुरूजी) झांकी निर्माण कार्य में प्राण-प्रण से जुटे हुए है। भरकापारा, कमल टाकिज के सामने निर्मित हो रहे उक्त विसर्जन झांकी में सृष्टि के निर्माण कर्ता भगवान विष्णु एवं संहारकर्ता भगवान शंकर का भव्य एवं सुदर्शन रूप में दिखाया गया है। इसके साथ ही लगभग 20 की संख्या में मूविंग करती मूर्तिया लोगों को सम्मोहित करती हुई नजर आएगी। डबल डेकर में बन रही उक्त विसर्जन झांकी में सृष्टि रचना के दृश्य सहित भगवान शिव, विष्णु, गणेश जी, नारद नंदी आदि सहित 20 मूर्तिया चलित रूप में शोभायमान होगा। इस झांकी में रौशनी से जगमग करते विशाल आर्च के बीच भगवान गणेश जी विराजमान रहेंगे। बैण्ड बाजा धुमाल आदिवासी नृत्य व अन्य नृत्यों के शुमार वाले तिरंगा मंडल की झांकी 17 सितम्बर मंगलवार को पूरे शानो-शौकत के साथ दृश्यमान होगी।

बता दे कि इस बार डीजे साउण्ड सिस्टम का ज्यादा जोर नहीं चलेगा। यानि इस बार धुमाल या बैण्ड बाजे के साथ ही लोक नृत्यों व पारम्परिक बाजे-गाजे के साथ अपनी दशकों पुरानी परम्परा के अनुरूप 17 सितम्बर की रात विसर्जन झांकियाँ निकाली जाएगी। इन विसर्जन झांकियों के लिए रूट तय कर लिया गया है।

## पहला कॉलम...

### भूपेश बघेल को राजनांदगांव की जनता से कोई सरोकार नहीं - तरुण लहरवानी



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर करारा तंज कसते हुए कहा है कि भूपेश बघेल को राजनांदगांव की जनता से शुरु से ही कोई लेना-देना नहीं था, जिसका प्रमाण वर्तमान में दो बार भूपेश बघेल के आगमन पर दिखाई दिया। श्री लहरवानी ने कहा कि आज 4-5 दिनों से राजनांदगांव के कई बस्तियों में बाड़ का असर देखा गया। हल्दी, मोहरा, सिंगदई, धामनसरा, मोहड़ के गरीब लोग इससे प्रभावित हुए, परंतु क्षेत्र के दौरे में आए पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने इन क्षेत्रों की सुधि नहीं ली, इसी यह पता चलता है कि राजनादगांव की जनता ने भूपेश बघेल को कोई सहानुभूति नहीं है। तरुण ने कहा कि इसके पूर्व भूपेश बघेल जब मुख्यमंत्री थे तो यहां से कई विभागों के कार्यालय को दुर्ग ले गए थे, जिसके कारण जनता ने आक्रोश में 57000 वोटों से अधिक मतों से उन्हें पराजित किया। जनता जनार्दन होती है, और समय परिवर्तनशील होता है ऐसी विपरीत परिस्थिति में उन्हें यहां की जनता का सद्भावना पूर्वक दिल जीतने के लिए समस्या ग्रस्त जनता के बीच जाना चाहिए था, परंतु भूपेश बघेल के दिल में सद्भावना नाम की चीज ही नहीं है इसलिए वहां की जनता से सदैव दूर रहते हैं।

### महामाया चौक में आज संगीतमय कार्यक्रम




राजनांदगांव (दावा)। जय श्री महाकाल समिति, बसंतपुर के तत्वाधान पर बसंतपुर महामाया चौक पर आज 16 सितंबर, दिन-सोमवार को संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह भक्ति गीतों का कार्यक्रम जिसमें अर्पित ओडिसा, शुभम ओडिसा, किरण रायपुर, चेतन साथ में हेमांक साहू राजनांदगांव से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। समिति के सदस्यों ने सभी नगरवासियों व श्रोतागण को संध्या 8 बजे अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर युवा कलाकारों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

### संजय भाई भोजानी का निधन



राजनांदगांव (दावा)। नगर के प्रतिष्ठित संजय भाई प्रभुलाल भाई भोजाणी का 65 वर्ष की आयु में देवलोकगमन 15 सितंबर दिन रविवार को हो गया है। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए है। इनकी अंतिम यात्रा संध्या 4:30 बजे स्टेशन रोड स्थित निज निवास से लखोली मुक्तिधाम के लिये निकली। जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। मुक्तिधाम में आयोजित शोकसभा में दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना कर श्रद्धांजलि दी गई।

# सांसद जी के गणेश दर्शन के दौरान शहर में बिजली गुल

## भारत माता चौक से लखोली नाका तक छाया रहा अंधेरा



राजनांदगांव (दावा)। शहर में जब तब बिजली गुल किए जाने की समस्या जा नहीं रही है। बिजली विभाग वाले नेता मंत्री आदि के आगमन के समय भी बिजली गुल करने से नहीं चूक रहे। शनिवार को शहर की गौरवशाली गणेशोत्सव परंपरा का दर्शन करने जिले के सांसद संतोष पाण्डे नगर में पधारे हुए थे और घुम-घुमकर शहर में स्थापित किए गए मनोहारी गणेश प्रतिमाओं का दर्शन कर रहे थे

इसी दौरान बिजली वालों ने बिजली गुल कर दी। इससे भारत माता चौक से लेकर लखोली नाका चौक तक की बत्तियां गुल रही और चारों तरफ अंधेरा छाया रहा। रात के अंधेरे में अचानक बिजली गुल होने से गणेश भगवान के दर्शन करने शहर आए दर्शनार्थियों में अफरा-तफरी मच गई। लोग भीड़ में एक दूसरे से टकराते रहे। अच्छा हुआ कि सांसद अपने दल- बल के साथ जिस ओर के गणेश दर्शन के लिए घूम रहे थे उस ओर की बिजली गुल नहीं हुई। नहीं तो उनके साथ बाहर से गणेश दर्शन के लिए आए लोगों के सामने और भी फजीहत हो जाती। बता दें कि भारत माता चौक के पास गंज लाइन में उज्जैन के महाकाल वाली गणेशोत्सव झांकी की देखने लोगों की भीड़ उमड़ती है। इसी तरह बाल समाज से लेकर गंज चौक आशीर्वाद मंडल के मनोहारी गणेश प्रतिमा को देखने यहां मेले जैसा माहौल रहता है। रात में बिजली गुल होते हैं यहां अफरा-तफरी मच गई। छोटे-छोटे बाल बच्चों व जवान युवतियों के साथ आई महिलाएं डर सी गई वहीं लोग काफी परेशान हो गए। गनीमत है कि अंधेरे का फायदा उठाते हुए गुंडे-बदमाशों ने किसी तरह हरकत नहीं की नहीं तो अंधेरे में कुछ भी हो सकता था। भारत माता चौक से लखोली नाका तक रही बिजली गुल से लोग अंधेरे में जूझते रहे और प्रदेश की सरकार पर अपनी भड़ास निकालते रहे। सबसे बड़ी बात यह की सांसद महोदय के शहर आगमन पर भी बिजली वालों ने कुछ भी नहीं समझा और अपनी आदत के अनुसार घंटों बिजली गुल कर अपनी हठ धार्मिता का परिचय दिया। बता दें कि बीते दिनों प्रदेश के गृह मंत्री व जिले के प्रभारी विजय शर्मा से आए दिन की बिजली गुल से परेशान गांव-देहात के लोगों ने शिकायत की थी इस पर मंत्री जी ने बिजली विभाग की मंत्री को डांट पिलाया था। इसके बाद भी बिजली का अप-डाउन होना, देर समय के लिए गुल हो जाना रुका नहीं है। बहरहाल शहर से लेकर गांव-देहात तक हर धंटे दो घंटे में देर समय तक रहने वाली बिजली गुल से हर कोई परेशान हैं। बिजली विभाग की इस हरकत से लोगों का आक्रोश बढ़ते जा रहा है। कहीं ऐसा न हो कि लोगों का आक्रोश फूट पड़े और कुछ ऐसा न कर बैठे जिससे विभाग की नुकसानी उठानी पड़े।

# कोतवाली पुलिस द्वारा असमाजिक तत्वों के खिलाफ की गई कार्यवाही



राजनांदगांव (दावा)। गणेश पर्व के दौरान शहर में शांति व्यवस्था भंग कर हुड़दंग मचा रहे लोगों पर पुलिस द्वारा कारवाई की गई है।

कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि चार आरोपियों के खिलाफ जहां 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई वहीं चार लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा के तहत कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा गया है। आरोपियों के नाम-खिलेन्द्र सिंह पिता इन्द्रामन सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी डौंडी लोहारा (बालोद ) यशवंत साहू पिता स्व. शंकर लाल साहू उम्र 35 वर्ष निवासी गांधी नगर वार्ड नं. 44 थाना बसंतपुर, मनीष उईके पिता किशन उईके उम्र 45 वर्ष निवासी गंज चौक लखोली, बलीराम साहू पिता तुकाराम साहू उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम सिंगदई थाना बसंतपुर है।

इसी तरह रजिया बेगम पति अब्दुल जलील उम्र 47 वर्ष निवासी गौरी नगर शीतला मंदिर के पास, सुरेन्द्र बांसफोड़ पिता बिरेन्द्र बांसफोड़ उम 22 वर्ष निवासी नया बस स्टैण्ड जेल रोड़ अंसारी बिरयानी के सामने, सूरज बांसफोड़ पिता शंकर बांसफोड़ उम्र 38 वर्ष निवासी नया बस स्टैण्ड जेल रोड़ अंसारी बिरयानी के सामने व अनीस खान पिता सलीम खान उम्र 32 वर्ष निवासी गौरी नगर ओ.पी. चिखली थाना कोतवाली के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गणेश पर्व के दौरान शहर के चौक चौराहो, शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए असमाजिक तत्वों पर सतत् निगाह रखी जा रही है। इसी क्रम में आज रविवार 15 सितंबर को आरोपी खिलेन्द्र सिंह, यशवंत साहू, मनीष उईके बलीराम साहू को सार्वजनिक स्थान पुराना बस स्टैण्ड एवं हाट बाजार में शराब के नशे में मदहोश मिलने जिससे आम लोगों को नागवार गुजरने पर आरोपियों के खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत पृथक-पृथक कार्यवाही की गई।

इसी तरह शहर के भीड़भाड़ इलाके में रजिया बंगम, सुरेन्द्र बांसफोड़, सूरज बांसफोड़ व अनीस खान को पुलिस की उपस्थिति में उत्पात मचाने समझाने पर नहीं मानने से धारा 170/126, 135 (3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल में दाखिल किया गया। पुलिस ने बताया कि आगे भी शांति व्यवस्था भंग करने वाले असमाजिक तत्वों पर अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, प्रधान आरक्षक जी. सीरिल कुमार, शम्भूनाथ द्विवेदी, संदीप चौहान, आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा, रंजीत चौरसिया एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

# महापौर एवं निगम पदाधिकारियों ने दी ईद-ए-मिलाद-उल-नबी की मुबारकबाद



राजनांदगांव (दावा)। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने ईद-ए-मिलाद-उल-नबी पर्व के उपलक्ष्य पर मुस्लिम समुदाय को मुबारकबाद देते हुए सुख -समृद्धि-शांति स्नेह की कामना की है।

महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म की खुशी को मिलाद-उल-नबी के रूप में मनाते है। मोहम्मद साहब का पूरा जीवन मानवता की सेवा में गुजरा और उन्होंने लोगों को इंसानियत का पाठ पढ़ाया। मोहम्मद साहब के इंसानियत वाले व्यवहार के कारण ही उन्हे रहमत उल आलमीन अर्थात पूरे संसार पर कृपा करने वाला कहा जाता है। मिलाद-उल-नबी की खुशी तभी सार्थक होगी,जब हम हजरत मोहम्मद के संदेशों व उनके आदर्शो का पालन करेंगे। निगम अध्यक्ष हरिनारायण पप्पू धकेता, निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, नेताप्रतिपक्ष श्रीकिशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर बंजारी, सतीश मसीह, संतोष पिल्ले, भागचंद साहू, विनय झा, गणेश पवार, श्रीमती दुलारी बाई साहू, राजा तिवारी, अमीन हुद्दा श्रीमती बैना बाई टुरहाटे, वरिष्ठ सभापति अब्दुल समद खान, कनिष्ट सभापति गामेन्द्र नेताम, अपील समिति के सदस्यों श्रीमती शकीला बेगम, श्रीमती मधु बैद, ऋषि शास्त्री, जिला योजना समिति के सदस्य सिद्धार्थ डोगरे व पार्षदों ने मुस्लिम समुदाय को ईद-ए-मिलाद-उल-नबी की शुभकामनाएं देते हुए ईद-ए-मिलाद-उल-नबी पर्व को अपूर्व उमंग-उल्लास-उत्साह के साथ मनाने की अपील की है।

# सर्वेश्वरदास विद्यालय के शाला विकास एवं प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति द्वारा विद्यालय में पहली बार पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री कमलेश सूर्यवंशी ने पालकों से विद्यालय के विकास हेतु चर्चा की। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुलदेव शर्मा ने शाला विकास हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा विद्यालय को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। बैठक में शाला विकास के महत्वपूर्ण मुद्दों पर पालकों से विचार-विमर्श किया गया तथा पालकों के सुझाव एवं प्रबंधन समिति के गठन हेतु एक समिति का जल्द ही गठन करने का निर्णय लिया गया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कुमकुम झा ने कहा कि शाला विकास एवं प्रबंधन समिति तथा पालकों के सुझाव को जल्द से जल्द शाला में अनुमोदित किया जाएगा। बैठक में छत्तीसगढ़ पालक संघ के जिलाध्यक्ष त्रिगुण सदानी, पालक दयाराम कंवर, श्रीमती शिला सिन्हा, ओमप्रकाश साहू, श्रीमती पुष्पा रामटेके, श्रीमती ममता टांडेकर ने विद्यालय के विकास हेतु अपने विचार रखे। बैठक में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं पालकगण उपस्थित थे।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
कुंवर सिंह भार्गव फिल्मस् कृत
कॉलेज लाइफ
(कहानी मया के)
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - टी आर भार्गव, पुनम चन्द्राकर हरिशंकर भार्गव, एस. आर. भार्गव, हेमलता साहू, अनिल हरिहारनो आदि।



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com




# जिले में छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

## जिले के 108 परीक्षा केन्द्रों में किया गया परीक्षा का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द भर्ती परीक्षा का आयोजन राजनांदगांव जिले के 108 परीक्षा केन्द्रों में किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

कलेक्टर के निर्देशानुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र तक पहुंचने में होने वाली परेशानियों के निराकरण एवं मार्गदर्शन के लिए जिला एवं विकासखंड स्तर पर हेल्प डेस्क बनाए थे। अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय ने छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केन्द्र हाई स्कूल टेड़ेसरा, कमला कॉलेज, साइंस कालेज, गुजराती स्कूल, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्कूल, हाई स्कूल सुंदरा, हाई स्कूल सोमनी का निरीक्षण किया।

डिप्टी कलेक्टर श्री अमिय श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के 108 परीक्षा केन्द्रों में छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। 30253 परीक्षार्थियों में से 17190 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, वहीं 13063 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। अन्य जिला अधिकारियों द्वारा भी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

# हिन्दी के प्रति भाजपा सरकार की नीति और नियत दोनों में खोट-कुसुम दुबे

## मेडिकल में हिन्दी पढ़ाई के पहले हिन्दी प्रशासनिक परीक्षा तो चालू करें साय सरकार

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव अधिवक्ता कुसुम रूपेश दुबे ने 14 सितंबर हिंदी दिवस के अवसर पर छ ग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी द्वारा मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में करने की घोषणा को दिन के स्वप्न कल्पना निरूपित करते हुए कहीं की साय सरकार पहले बंद हुए लिपिकों के हिंदी प्रशासनिक परीक्षा को आयोजित करने का आदेश जो सरकार के हाथ में है उसे जारी करें।



प्रदेश सचिव श्रीमती कुसुम दुबे ने बताई कि हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार कर राजभाषा अधिनियम 1957 लागू करते हुए 7 फरवरी 1958 को तत्कालीन मध्यप्रदेश सरकार ने सरकारी कामकाज हिंदी में करना अनिवार्य किया व वर्ष 1962 में हिंदी राजभाषा विभाग की स्थापना की गई 1980 में राजभाषा के स्थान पर संस्कृति विभाग की स्थापना हुई।

राज काज में हिंदी को प्रोत्साहित करने के लिए 14 सितंबर 1983 को तीन दिवसीय व्यापक कार्यक्रम आयोजित किया गया था तब से 14 सितंबर को हिंदी दिवस की रूप मनाया जाता है। और विभागीय परीक्षा आयोजित करना प्रारंभ किया था किंतु छ ग में 15 वर्षीय भाजपा सरकार ने इस परीक्षा को बंद कर राज्य के कर्मचारियों व हिंदी भाषा पर भी चोट पहुंचाई है।

परीक्षा में पत्र लेखन, नोटशीट, कार्यालयीन आदेश, निविदा, अर्ध शासकीय पत्र से संबंधित प्रश्न पूछकर 40 से 49त्न अंक पाने वाले को पास एवं 50 से 59 प्रतिशत अंक वाले को एक इंक्रीमेंट व 60 से 74 प्रतिशत अंक पाने वालों को दो इंक्रीमेंट के साथ साथ 300 रु नगद पुरस्कार दिया जाता था जिससे लिपिकीय कर्मचारियों में उत्साह के साथ उन्हे आर्थिक लाभ भी मिलता था लेकिन भाजपा सरकार ने अपने 15 वर्षीय कार्यकाल में इस परीक्षा को बंद कर दिया है अब साय सरकार मेडिकल पढ़ाई को भी हिंदी में कराने की थोथी कल्पना घोषणा की है जबकि मेडिकल की शिक्षा लगभग अंग्रेजी में ही होती है उनकी पुस्तकें अंग्रेजी में होते हैं उनका हिंदी अनुवाद कर पढ़ाया जाना जल्द संभव ही नहीं ह।

अतः सर्वप्रथम साय जी को चाहिए कि वह राज्य के कर्मचारियों के हितों पर कारक हिंदी प्रशासनिक प्रणाली परीक्षा आयोजित कराने की घोषणा करें। ताकि राज्य के लिपीकीय कर्मचारियों को आर्थिक लाभ मिल सके और जनता भी सरकारी कामकाज को समझ कर सुगमता से कार्य करा सके।

# ईद एवं गणेश उत्सव को लेकर राजनांदगांव पुलिस एक्शन मोड में

० शहर के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए निकाला गया फ्लैग मार्च
० शहर के आला अधिकारी शहर में घूम-घूमकर ले रहे हैं कानून व्यवस्था का जायजा





० त्योहारों को शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई
० असामाजिक तत्वों एवं गुंडा बदमाश एवं निगरानी बदमाशों पर पुलिस की पैनी नजर

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस द्वारा ईद एवं गणेश उत्सव को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा जिले के प्रमुख स्थलों पर टीम के द्वारा चेकिंग कर निगाह रखी जा रही है जिस तारतम्य में आज पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आप्स) मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक, डीएसपी अजीत ओगरे के हमराह, थाना प्रभारी कोतवाली एमन साहू, थाना प्रभारी बसंतपुर सत्यनारायण देवांगन, रक्षित केंद्र से निरीक्षक अरुण नामदेव, उमेश बघेल, नंदकिशोर गौतम एवं रक्षित निरीक्षक लोकेश कशेर अपने-अपने बल को लेकर शहर के प्रमुख स्थल, महावीर चौक, मानव मंदिर चौक दुर्गा चौक, बसंतपुर थाना चौक, भारत माता चौक, गुड़ाखूर लाइन, रामधीन चौक, गंज चौक, मानव मंदिर चौक, गुरु नानक चौक आदि क्षेत्रों में पुलिस जवानों के साथ पैदल पेट्रोलिंग किया गया है। शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर फिक्स पॉइंट लगाया गया है। शाम के समय शहर में होने वाली भीड़ भाड़ को देखते हुए भारी वाहनों को शहर में प्रवेश रोकने के लिए व व्यवस्था बनाने के लिए भी पृथक से ट्रैफिक व्यवस्था लगाया गया है।

## ईद मिलादुन्नबी पर हुआ रक्तदान शिविर



राजनांदगांव (दावा)। जश्ने ईद मिलाद्दुनबी के मौके पर जूनी हटरी जमात खाना में मुस्लिम युवा रक्तदाता संगठन एवं यूनुस ब्लड डोनेशन ग्रुप के तत्वाधान में 36 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ जिसको मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव को समर्पित किया गया। इस अवसर पर मुस्लिम युवा साथियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और हौसला अफजाई के लिए जामा मस्जिद के सदर हाजी, रईस अहमद शकील, हाजी खालिद अंसारी, हाजी इमरान खान, हाजी हामिद खान, हाजी तनवीर अहमद, हाजी सिराज रिजवी, हाजी हमीद खान, खिदमत फाउंडेशन के सदर आदिल रिजवी अब्दुल कादिर अशरफी, राशीद अहमद, जकी अहमद, अकरम खान, मुस्ताक रिजवी, तस्सवुर आलम, आदिल झाड़ोदिया, जाहिद अली शेख नईम, डॉ. तहजीब भाई, डॉ. इरशाद आलम मेडिकल स्टाफ से डॉ. चंदन तिवारी, कैम्प इंचार्ज चुमेश साहू, स्टॉफ नर्स ममता साहू, धनेश्वरी साहू, कुमारी वसीना, कुमारी उमा, भूपेश, भोजेश्वर गंजीर उपस्थित हुए ।

## धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**महाकाल बैनर फाड़ने का मामला**

राजनांदगांव (दावा)। कल 14 सितंबर को राजेश कुमार डागा द्वारा थाना में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि मानव मंदिर चौक पर लगे फ्लैक्स और प्रतीक चिन्ह को शाम करीब 7:30 बजे एक व्यक्ति ने चीर-फाड़कर नुकसान पहुंचाया, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई। आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 582/2024 धारा 298 भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

घटना स्थल पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरा के फुटेज की जांच की गई, जिसमें एक व्यक्ति को फ्लैक्स और महाकाल के प्रतीक चिन्ह को चीरते हुए देखा गया। आरोपी की पहचान के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम प्रशांत लाउत्रे, पिता राम प्रसाद लाउत्रे, उम्र 26 वर्ष, निवासी डोंगरगढ़, थाना कोतवाली बताया। आरोपी के खिलाफ पर्याप्त सबूत मिलने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आज 15 सितंबर को आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## नगर निगम में मना अभियंता दिवस



राजनांदगांव (दावा)। अभियंता दिवस के अवसर पर आज रविवार 15 सितम्बर को नगर निगम के कार्यपालन अभियंता कक्ष में आयुक्त अभिषेक गुप्ता की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता यू.के. रामटेके एवं निगम के इंजीनियरों ने भारत रत्न मोक्षगुणम विश्वेस्वरैय्या के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किये और एक दूसरे को अभियंता दिवस की बधाई दिये।

कार्यक्रम में अभियंता दिवस की शुभकामनाएं देते हुये आयुक्त श्री गुप्ता ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि सिविल इंजीनियर एम. विश्वेश्वरैया ने आधुनिक भारत में बांध, जलाशय और जल विद्युत परियोजना के निर्माण में महती भूमिका निभाई थी। साथ ही उन्होने मैसूर सरकार के साथ मिलकर कई शैक्षणिक संस्था और कारखानों की स्थापना करवाई थी, उनके योगदानों को देखते हुये सरकार ने उन्हें 1955 में भारत रत्न से सम्मानित किया था। उन्हीं की याद में हम आज अभियंता दिवस मना रहे है। उन्होने कहा कि, सभी तकनीकी अधिकारियों को उनके कार्यो का अनुसरण कर कार्य करना चाहिये, तभी अभियंता दिवस मनाने की सार्थकता है।

कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके ने भी अभियंता दिवस की बधाई देते हुए उनके द्वारा किये कार्यो का अनुसरण करने की अपील की। कार्यक्रम में उपअभियंतागण सुश्री सुषमा साहू, श्रीमती गरिमा वर्मा, अशोक देवांगन, अनिमेष चन्द्राकर, अनुप पाण्डे, तिलकराज ध्रुव, डागेश्वर कर्ष, प्रधानमंत्री आवास योजना के सीएलटीसी अंकुर मिश्रा व ललित मानकर, समयपाल चिराग मेश्राम आदि उपस्थित थे।

## सासंद संतोष पाण्डे के प्रयासों से नगर की दो योगा खिलाड़ी जाएंगी दिल्ली

**जोधपुर के बेस्ट वूमेन खेलों इंडिया में चयनित हुई शहर की उक्त दोनों खिलाड़ी**



राजनांदगांव (दावा)। सांसद संतोष पाण्डे के शनिवार को नगर आगमन पर सर्किट हाउस में उनसे मिली शहर की दो एडवांस योगा खिलाड़ी का दिल्ली के योगा इवेंट में जाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

सासंद प्रतिनिधि देवशरण सेन के माध्यम से अपने योग प्रशिक्षक किशोर माहेश्वरी के साथ सांसद श्री पांडे से मिली दिग्विजय महाविद्यालय की छात्रा व एडवांस योगा खिलाड़ी सुश्री दीक्षा ताम्रकार व श्रुति ताम्रकार दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आगामी 1 से 3 अक्टूबर को होने वाले एडवांस योगा इवेंट में भाग लेने जा रही है। लेकिन वित्तीय समस्या आड़े आने पर सांसद संतोष पाण्डे के समक्ष गुहार लगाई। इस पर श्री पांडे ने 26 एडवांस योगा खिलाड़ियों में से चयनित हुई छत्तीसगढ़ से एकमात्र व शहर की उक्त दो एडवांस योगा खिलाड़ियों को स्पेशल ट्रेन से दिल्ली आने-जाने की व्यवस्था की है।

बता दें कि पतंजलि योग के ही परिमार्जित रुप में नए नीति-नियमों के साथ बने एडवांस योगा खेल का अच्छा क्रेज बना हुआ है। सरकार द्वारा इसके उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए नौकरी के द्वार भी खोलने जा रही है। इस एडवांस योगा खेल को लेकर खिलाड़ियों में आकर्षक भी बना हुआ है।

शहर के एडवांस योगा प्रशिक्षक किशोर माहेश्वरी द्वारा दिव्य योगा केंद्र में इसका प्रशिक्षण दिया जाता हैं। उसके द्वारा प्रशिक्षित सुश्री दीक्षा वह श्रुति दोनों उक्त खेल में भाग लेने दिल्ली जा रही है। सांसद श्री पांडे द्वारा उनके दिल्ली आने-जाने की व्यवस्था होने पर वे दोनों योगा खिलाड़ी काफी खुश दिखाई थी और सहयोग के लिए सांसद का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान सर्किट हाउस में सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन सहित युवा भाजपा नेता आलोक श्रोती योगा प्रशिक्षक किशोर माहेश्वरी आदि सहित बड़ी संख्या में सांसद से मिलने वाले मौजूद थे।

## 4 आदतन शराब कोचियों के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही



डोंगरगढ़(दावा)। वरिष्ठ अधिकारी पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग, अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा द्वारा अपने थाना क्षेत्र में अपने टीम के साथ लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं असमाजिक तत्वों पर नजर रख रही है, साथ ही क्षेत्र में अवैध शराब बिकी को रोकने हेतु डोंगरगढ़ पुलिस मुहिम छेड़ दी है।

इसी अभियान के तहत क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री को रोकने हेतु आज दिनांक 15 सितंबर को डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र के 04 आदतन शराब कोचियों के विरूद्ध धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है। डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा अपने क्षेत्र में लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध रूप से शराब रखने, बिकी करने एवं पिलाने वालों व सट्टा लिखने वालों, अड्डेबाजी पर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है जिससे शराब कोचियों, तस्करों एवं सटोरियों के ऊपर दहशत का माहौल बना हुआ हैं।

### 4 आरोपीयों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में संजय सिन्हा पिता चिन्ताराम सिन्हा उम्र 36 साल निवासी वार्ड नं. 08 छीरपानी, बसंत सिंग पिता चेतन प्रसाद सिंग उम्र 47 साल निवासी टिकरापारा वार्ड नं. 03, आत्माराम सिन्हा पिता भीखम राम सिन्हा उम्र 56 साल निवासी ग्राम सेंदरी, भवानी प्रसाद सिन्हा पिता द्वारिका प्रदास सिन्हा उम्र 35 निवासी ग्राम सेंदरी सभी थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव शामिल है।

## जनहित में कान फोडू डीजे धुमाल के बिना झांकी निकालकर नई परम्परा की शुरुआत करें - योगेश अग्रवाल



राजनांदगांव (दावा)। विसर्जन झांकियों सहित विभिन्न जुलूसों और सार्वजनिक कार्यक्रमों में बजाये जाने वाले जानलेवा म्यूज़िक सिस्टम पर नियंत्रण करने के लिये उच्च न्यायालय व पर्यावरण मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों का सूचना के अधिकार अधिनियम के स्टेट रिसोर्स पर्सन योगेश अग्रवाल ने स्वागत किया है।

विभिन्न समितियों सहित सभी नागरिकों से श्री अग्रवाल ने अपील की है कि खुशी और उत्साह को सार्वजनिक रूप से व्यक्त करने के लिये संगीत के नाम पर भयानक शोर पैदा करने वाले जानलेवा और भड़काऊ म्यूज़िक सिस्टम से आम आदमी को राहत देने वाले न्यायालीन आदेशों का पालन करके हम सभी अपनी ही बस्ती, गांव और शहर से सुकून देने वाली एक नई परम्परा की शुरुआत करें। उन्होंने आगे कहा कि यह तभी संभव है जब देश की बड़ी आबादी की भावनाओं और स्वास्थ के मुद्दे को सर्वोपरि रखकर हम सभी विचार करेंगे।

## हिंदी सिर्फ भाषा ही नहीं हिंदुस्तान की संस्कृति है- डॉ. चितरंजन कर



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा 9 सितंबर से 14 सितंबर तक हिंदी सप्ताह आयोजित की गई। जिसका समापन 14 सितंबर, हिंदी दिवस के अवसर पर किया गया।

हिंदी दिवस समारोह के मुख्य वक्ता प्रसिद्ध भाषाविद एवं बहुभाषी डॉ. चितरंजन कर थे उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी सिर्फ भाषा ही नहीं हिंदुस्तान की संस्कृति है। हमें इस बात का गर्व होना चाहिए कि इसकी सहजता और वैज्ञानिकता के कारण इसका वैश्विक विस्तार तेजी से हो रहा है। साथ ही उन्होंने सच्चा लोकतंत्र भाषा के शब्दों में दिखाई पड़ने की बात कही वहीं उन्होंने यह भी कहा कि जो काम चलाऊ भाषा का प्रयोग करते हैं उनका व्यक्तित्व भी काम चलाऊ हो जाता है। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर मध्य प्रदेश के पूर्व आचार्य डॉ. वीरेंद्र मोहन ने कहा कि हिंदी की उदारता यह है कि वह सर्व समावेशी है। दुनिया की अनेक भाषाओं के शब्द हिंदी में मिलकर उसी के रंग में रंग गई है। प्राचार्य डॉ.अंजना ठाकुर ने बताया की हिंदी विश्व की सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा है। हिंदी का इतिहास समृद्धि, वर्तमान सशक्त और भविष्य उत्कर्षगामी है।

**सच्चा लोक तंत्र भाषा के शब्दों में दिखाई पड़ता है**

विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। इस समारोह में डॉ. शंकर मुनि राय की व्यंग किताब 'दो मिनट का मौन' का विमोचन किया गया। हिन्दी सप्ताह के इस गरिमामय आयोजन में मुख्य वक्ता डॉ. चितरंजन कर को डॉ. बलदेव प्रसाद स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। हिंदी भाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महाविद्यालय स्टाफ के जीडी वैष्णव, दीपक परगनिहा, श्रीमती मंजूषा बाजपेयी, केदारनाथ साहू, मुकेश टेंबुरकर और श्रीमती आरती बोरकर को हिंदी सेवा सम्मान प्रदान किया गया।

हिंदी सप्ताह के अंतर्गत सामान्य ज्ञानप्रश्नोत्तरी, काव्य पाठ, श्रुति लेख, पोस्टर प्रतियोगिता, समाचार वाचन एवं उद्घोषणा प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया। काव्य लेखन प्रतियोगिता के लिए डॉ. सोनल मिश्रा, बिंदु डडसेना और किरण जैन को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण कुमार साहू एवं आभार अभिव्यक्ति डॉ. बी. एन. जागृत ने किया। कार्यक्रम में दिग्विजय कालेज की डॉ.नीलम तिवारी, डॉ. गायत्री साहू, छत्तीसगढ़ साहित्य समिति के अध्यक्ष एवं कवि/साहित्यकार आत्माराम कोशा 'अमात्य', ओम प्रकाश 'अंकुर', रोशन साहू, महेंद्र बघेल 'मधु', फकीर साहू, हेमलाल सहारे, राजकुमार रौना जैसे अंचल के कवि साहित्यकारों सहित कालेज के सवा सौ से अधिक छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ के लोग उपस्थित थे।

## गणेश विर्सजन पर्व पर बंद रहेगी मदिरा दुकानें




राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल ने गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन एवं गणेश विसर्जन के पावन पर्व पर नगर निगम सीमा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत नगर निगम सीमा क्षेत्र राजनांदगांव अंतर्गत स्थित देशी व विदेशी मदिरा एवं एफएल 3 होटल बार तथा भांग दुकान को 16 सितम्बर 2024 को शाम 5 बजे से 17 सितम्बर 2024 को सम्पूर्ण दिवस हेतु बंद रखने निर्देश दिए हैं।

आदेश में कहा गया है कि गणेश विर्सजन के पावन पर्व पर लोकहित एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत राजनांदगांव नगर निगम सीमा क्षेत्र के भीतर स्थित देशी मदिरा दुकान बंद रहेगी। जिसमें रेवाडीह बाईपास, देशी मदिरा दुकान मण्डी बाईपास, विदेशी मदिरा दुकान रेवाडीह बाईपास, विदेशी मदिरा दुकान मण्डी बाईपास, विदेशी मदिरा दुकान वार्ड क्रमांक 22 राजनांदगांव, एफएल 3 थ्री स्टार राज इम्पीरियल होटल बार रेवाडीह, एफएल 3 राजदूत होटल बार जीई रोड, एफएल 3 ब्लू डायमण्ड बार जीई रोड, एफएल 3 सोनू बार जीई रोड, एफएल 3 सम्राट होटल बार जीई रोड, एफएल 3 आवाना होटल बार थ्री स्टार जीई रोड एवं भांग व भांगघोटा राजनांदगांव की फुटकर दुकान 16 सितम्बर 2024 को शाम 5 बजे से एवं 17 सितम्बर 2024 को सम्पूर्ण दिवस हेतु बंद रखने के निर्देश दिए हैं।

## संस्कारधानी के कई गणेश पंडाल में सम्मानित हुए नीरज कन्नौजे



**दक्षिण ब्लाक कांग्रेस महामंत्री ने की नागरिकों के सुख समृद्धि की कामना**

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं शहर कांग्रेस के दक्षिण ब्लाक के महामंत्री नीरज कन्नौजे ने शनिवार रात अनेक मंडलों/समितियों के गणेश पंडाल में पहुंचकर दर्शन पूजन किए। इसी के साथ उन्होंने समस्त नागरिकों के सुख समृद्धि की कामना की इस अवसर पर समितियों एवं मंडलों के सदस्य पदाधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया साथ ही शहर की समस्याओं एवं विकास के विषय में दलगत राजनीति से परे होकर चर्चा की।

श्री सिद्धिविनायक अंबे धाम जनता कॉलोनी लखोली वार्ड क्रमांक 31 जनता कालोनी में गणेश जी की आरती में शामिल होने के दौरान समिति के पदाधिकारी गण व संरक्षक पार्षद गप्पू सोनकर अध्यक्ष संजय सरोदे व अन्य सदस्यों ने उन्हें मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। इसी तरह चिखली और शांति नगर सहित और भी शहर के गणपति पंडाल में नीरज कन्नौजे का आत्मीय और भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान सहदेव साहू, जावेद भाई, पारस गुप्ता, अमन भाई, सुरेंद्र मंडावी, निर्मल साहू आदि उपस्थित थे।

## 14 नग पौवा शोले देशी मसाला के साथ आरोपी गिरफ्तार



डोंगरगढ़(दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य अड्डाबाजी, असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है एवं डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री पर रोक लगाने हेतु मुहीम छेड़ी है।

इसी कड़ी में दिनांक 15 सितंबर को अवैध शराब रखकर पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने वाले अमर गोंड़ पिता राजेश गोंड़ उम्र 20 साल निवासी पथराटोला गाजमर्रा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) को पुराना कालेज के सामने चिचोला रोड के पास पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 14 नग पौवा शोले देशी मसाला शराब कुल मात्रा - 2.520 बल्क लीटर किमती- 1540 रू. जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 489/2024 धारा-34(1) आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही किया गया है। अवैध रूप से शराब बिक्री पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। अवैध शराब के कारोबार पर सतत् निगाह रखी जा रही है।

## राज्य स्तरीय प्रति. में नगर के खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल और ब्रॉन्ज मेडल लेकर जिले का नाम रोशन किया




राजनांदगांव (दावा)। 21 वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता बिलासपुर 13 से 15 तक होने वाली प्रतियोगिता में राजनंदगांव जिले के एथलेटिक्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रतिभागी जो एनआईएस कोच और छत्तीसगढ़ पुलिस के जवान कामता प्रसाद यादव के नेतृत्व में बिलासपुर गए थे को 5 गोल्ड मेडल मिला। नीतू सलामे को 1500 रु., 5000 रु. में गोल्ड मेडल 5000 रु., 3000 रु. में सिल्वर मेडल, साक्षी यादव हाई जम्प ब्रॉन्ज मेडल आर्यन वर्मा को मिला यह सभी प्रतियोगी आगामी नागपुर महाराष्ट्र में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस उपलब्धि के लिए एथलेटिक संघ के संरक्षक मधुसूदन यादव, अध्यक्ष विवेक शुक्ला, सचिव रणविजय प्रताप सिंह, राजेंद्र यादव, देवेंद्र सिंह ठाकुर, विश्वेंद्र प्रताप सिंह, प्रकाश साथिया, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अतुल चोपड़ा, जिला हॉकी संघ और छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष अशोक चौधरी एवं जिले के समस्त खेल संघ के पदाधिकारी ने के साथ-साथ पेटी ग्रुप के राजू भाई वैष्णव, यमन देवांगन, प्रमोद अब्राहम, लालेंद्र पांडे, हेमंत वैष्णव, शीतल साहू आदि ने बधाई दी है

## अनमोल दावा

> जिंदगी तो कुल एक पीढ़ी भर ही होती है, पर नेक काम पीढ़ी दर पीढ़ी चलते जाते है।

## भारत के लिए आगे बढ़ने की संभावनाएं खुली

पेरिस पैरालम्पिक्स में कुल 23 खेल शामिल हुए। भारत ने अपने सभी पद सिर्फ पांच खेलों- एथलेटिक्स, बैडमिंटन, शूटिंग, तीरंदाजी और जूडो से जुटाए। जाहिर है, भारत के लिए आगे बढने की संभावनाएं खुली हुई हैं। 2008 के बीजिंग पैरालम्पिक्स में भारत ने सिर्फ पांच खिलाड़ी भेजे थे। लेकिन तब से कारवां आगे बढ़ा है।

पेरिस में रविवार को खत्म हुए पैरालम्पिक खेलों में इस बार भारत ने रिकॉर्ड कामयाबी हासिल की। सात स्वर्ण, नौ रजत, और 13 कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में भारत 18वें नंबर पर रहा। यह पहला मौका है, जब इन खेलों में भारतीय दल ने 29 पदक जीते हैं। और चूंकि पैरालम्पिक खेलों में भारत लगातार प्रगति कर रहा है, तो यह उम्मीद बांधी जा सकती है कि अगले खेलों में भारत सफलता की और सीढियां चढ़ेगा।

पेरिस पैरालम्पिक्स में कुल 23 खेल शामिल हुए। भारत ने अपने सभी पद सिर्फ पांच खेलों- एथलेटिक्स, बैडमिंटन, शूटिंग, तीरंदाजी और जूडो से जुटाए। जाहिर है, भारत के लिए आगे बढने की संभावनाएं खुली हुई हैं। 2008 के बीजिंग पैरालम्पिक्स में भारत ने सिर्फ पांच खिलाड़ी भेजे थे। लेकिन तब से कारवां आगे बढ़ा है। 2016 के रियो द जनेरो पैरालम्पिक्स में भारत चार मेडल जीत कर 43वें स्थान पर रहा था। 2020 के टोक्यो पैरालम्पिक्स में भारत ने 19 मेडल जीते और 24वें नंबर पर रहा।

भारत की ये सफलताएं देश में विकलांग व्यक्तियों के प्रति बदलती सोच का संकेत है। देश के एक बड़े जनमत में यह भाव उतरा है कि विकलांगता का मतलब जीवन का बेमतलब होना नहीं है। विकलांगता किसी एक अंग की होती है, जिससे व्यक्ति की बाकी क्षमताएं एवं प्रतिभा अप्रभावित रहती है। आवश्यकता उसे उचित वातावरण उपलब्ध कराने की होती है।

यह अच्छी बात है कि भारत सरकार ने विकलांग खिलाडियों को बढ़ावा देने के लिए अधिक धन उपलब्ध कराया है। उनकी ट्रेनिंग और खेल प्रतियोगिताओं में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के उपाय किए गए हैं। यह सब पर्याप्त नहीं है, लेकिन जो हुआ है, उसे एक प्रगति माना जाएगा।

पैरालम्पिक जैसे आयोजनों की तुलना ओलिंपिक्स से करना निरर्थक है। ओलिंपिक्स में वे खिलाड़ी भाग लेते हैं, जिनसे तमाम उम्मीदें रहती हैं। जबकि विकलांग व्यक्ति से समाज तो दूर, परिजन भी कोई आशा नहीं रखते। ऐसे खिलाड़ी तमाम प्रतिकूल चुनौतियों का मुकाबला करते हुए आगे बढ़ते हैं। इसीलिए कहा जाता है कि हर विकलांग खिलाड़ी के पीछे एक पूरी कहानी होती है। यह कहानी संघर्ष, जीवट और जज्बे की होती है।

किसी समाज को मापने का एक सटीक पैमाना यह है कि वह अपनी कमजोर इकाइयों से कैसा व्यवहार करता है। विकलांगता से ज्यादा बड़ी कुदरती कमजोरी कोई और नहीं हो सकती। इसके अलावा अन्य सभी कमजोरियों का आधार सामाजिक व्यवस्था है।

देखा यह गया है कि जब व्यवस्था के केंद्र में हर तबके और हर व्यक्ति के विकास को केंद्र में रखा जाता है, तो उसके करिश्माई नतीजे देखने को मिलते हैं। गौर कीजिए: बीजिंग के घरेलू माहौल को छोड़ कर कभी ऐसा नहीं हुआ कि चीन स्वर्ण पदक जीतने के मामले में ओलिंपिक खेलों में अमेरिका को पछाड़ पाया हो। इस बार इसे उसकी एक बड़ी कामयाबी माना गया कि 40 स्वर्ण पदक जीत कर वह अमेरिका के साथ बराबरी पर रहा। लेकिन पैरालम्पिक्स की बात आते ही सारी कहानी बदल जाती है।

पेरिस पैरालम्पिक्स में चीन ने 94 स्वर्ण, 73 रजत और 49 कांस्य के साथ 216 पदक जीते। दूसरे नंबर पर रहे ब्रिटेन ने 47 स्वर्ण पदक जीते, यानी चीन से ठीक आधा। उसे कुल 120 पदक हासिल हुए। 36 स्वर्ण पदको और 102 के कुल पदकों के साथ अमेरिका तीसरे नंबर पर रहा। दरअसल, इन खेलों में अमेरिका का दबदबा 1996 के बाद ही टूट गया था। साल 2000 के सिडनी पैरालम्पिक्स में ऑस्ट्रेलिया पहले स्थान पर रहा। उसके बाद- यानी 2004 में एथेंस से लेकर 2024 में पेरिस तक पहला स्थान चीन ने हासिल किया है।

# ‘पीड़ित मानवता के उद्धारक पैगम्बर हजरत मोहम्मद ( सल्ल. )’

**हाजी हलीम बख्श गाजी**
**एडवोकेट / नोटरी**



आज से लगभग 1437 वर्ष पूर्व मक्के में जिस महान आत्मा का अवतरण हुआ उसे दुनिया पैगम्बर के नाम से जानती है। इस्लाम धर्म के संस्थापक हजरत मोहम्मद (सल्ल.) जिनके माध्यम से अल्लाह की वाणी कुरान के रूप में आम लोगों तक पहुँची। यूं तो मोहम्मद पैगम्बर स्वयं उन्हीं के अनुसार उस समय पैगम्बर (खुदा के दूत) थे जब विश्व के प्रथम मानव हजरत आदम मिट्टी, पानी के दरमियान थे किन्तु उन्होंने अपनी रिसालत का ऐलान 40 वर्ष बाद किया। अरब के अत्याचारी एवं शोषण भरे माहौल में वे 40 साल तक अपने आचरण एवं विचारों से अरबवासियों को प्रभावित करते रहे। एक दिन मोहम्मद सल्ल. ने तमाम लोगों को जमा किया और पुछा कि अगर मैं यह कह दूं कि, इस पहाड़ के पीछे एक दुश्मन फौज छुपी है जो तुम लोगों पर हमला करना चाहती है तो क्या तुम मान लोगे ? सभी ने मिलकर कहा क्यों नही, आपने आज तक कभी झूठ बोला ही नहीं है । इस प्रकार जब मोहम्मद साहब ने अपनी सच्चाई का लोहा मनवा लिया तब ऐलान किया कि, सुनो खुदा सिर्फ एक है जो निराकार है और मैं उसका भेजा हुआ पैगम्बर (दूत) हूँ। मैं नबी बनाकर इसलिए भेजा गया हूँ कि तुम्हें नेक रास्ता दिखाऊं और बुराईयों से रोकूं । 40 साल की अवस्था में ऐलानेरसालत करने के बाद 23 साल तक वे अल्लाह का पैगम्बर दुनिया को सुनाते रहे हैं। 63 साल की उम्र में एक संक्षिप्त बीमारी के बाद मोहम्मद सल्ल. ने बफात पायी।

‘‘कुरआन’’ अल्लाह के उन आदेशों एवं निर्देशों का संकलन है जो एक फरिश्ते के माध्यम से मोहम्मद साहब को बताया गया तथा उनके द्वारा दूसरों तक पहुँचाया गया, कुरआन लिखित रूप में तो बाद में आया किन्तु हुजुर के सहाबियों (साथियों) एवं करीबी रिश्तेदारों को कंठस्थ था। आज 1400 साल गुजर जाने के बाद भी कुरआन में रत्ति भर। भी फर्क नहीं हुआ है। इस्लाम में 63 फिरके होने के बावजूद भी कुरआन को हर फिरका (सम्प्रदाय) एक समान ही मानता है।।



ईद मिलादुन्नबी पर विशेष...

‘‘हदीस’’ उसे कहते हैं जो मोहम्मद (सल्ल.) अपनी ओर से कहते थे। मोहम्मद (सल्ल.) के शब्द भी अल्लाह की इच्छा के अनुरूप होते थे। इसलिए कुरआन पर विश्वास न करने वाला मुसलमान की परिधि से बाहर हो जाता है। यह पवित्र किताब खुदा से डरने वालों के लिए हिदायत है। कुरआन आदेश देता है कि, कमजोरों की मदद करो और जालिमों से जंग करो, कुरआन में केवल रोजा, नमाज, हज, जकात, आदि इबादत संबंधी आदेश ही नहीं है वरन् इस्लाम एक सम्पूर्ण जीवन व्यवस्था तथा प्रशासनिक नियम भी अपने मानने वालों को बताता है। कुरआन में जो भविष्यवाणी दी गयी है वह आज हमारे सामने सही उतर रही है। यदि कुरआन और हदीस का गहन अध्ययन किया जाये तो पता चलेगा कि इस्लाम एक प्रगतिशील धर्म है जो वर्तमान एवं भविष्य में आने वाली समस्याओं का हल भी अपने दामन में रखे है।

मोहम्मद सल्ल. के मिशन का मुख्य उद्देश्य ऐकेश्वरवाद की शिक्षा देकर सत्यधर्म की पुनर्स्थापना करना था। समाज में जाति, भेद को मिटाकर सबको भाई-भाई बनाना, ऊंच-नीच की दीवार को ढहाकर समाज में लाना, सच्चे लोकतंत्र की स्थापना करना और औरतों को समाज में उनका अधिकार दिलाना उनका ध्येय था। जिन्होने थोडे ही दिनों में अपनी पवित्र शिक्षा, कार्य, आचरण और व्यवहार से दुनिया का नक्शा ही बदल दिया। उस वक्त आपके पास न कोई फौजी ताक थी ना ही धन था, जिससे दुश्मनों से मुकाबला किया जा सके, लेकिन आपकी शिक्षा और किरदार इतना प्यारा और ऊंचा था कि, आपके दुश्मन की दोस्त बनने मजबूर हो गये और धीरे-धीरे इस्लाम की रोशनी पूरे दुनिया में फैल गयी । लोग इस्लाम के आगोश में आकर आत्मशांति पाने लगे। लेकिन धर्म के ठेकेदारों को यह बातें अच्छी नहीं लगी और इसे मिटाने की कोशिश शुरू हो गयी। इस्लाम को मिटाने के लिए आज तक हजारों जंगे हो चुकी है लेकिन इस्लाम आज भी जिन्दा है। इस्लाम के आलोचक इस तथ्य को क्यों स्वीकार नहीं करते कि, इस्लाम का प्रसाद रसूल की पवित्र छाया में हुआ है। यह तो आपकी पवित्र अति उत्तम शिक्षा, सदाचार और सामाजिक समानता के महान उददेश्य का ही परिणाम है कि इस्लाम की लोकप्रियता और प्रसिद्ध में कोई कमी नहीं आयी है अन्यथा कोई चीज जो बलपूर्वक और हिंसा के आधार पर कायम की जाती है वह स्थायी और फलदायक नहीं होती ।

महात्मा गांधी ने अपने विचार कुछ इस तरह व्यक्त किये हैं इस्लाम अपने अतिविशाल युग में भी अनुदान नहीं था बल्कि सारा संसार उसकी प्रशंसा कर रहा था। उस समय जबकि, पश्चिमी दुनिया अंधकारमय थी पूर्व क्षितिज का एक उज्जवल सितारा चमका, जिससे विकल संसार को प्रकाश और शांति प्राप्त हुई सभी को इसका अध्यन करना चाहिये। जिस तरह मैंने किया है अब मुळे पहले से ज्यादा विश्वास हो गया है कि, इस्लाम से फैलने में तलवार की शक्ति नही थी बल्कि यह इस्लाम के पैगम्बर का अत्यंत सादा जीवन, आपकी निःस्वार्थता, प्रतिज्ञा पालन और निर्भयता थी आपका अपने मित्रों और 1 अनुयायियों से प्रेम करता था और ईश्वर पर भरोसा रखना था। यह तलवार की शक्ति नहीं थी बल्कि ये सब विशेषताएँ एवं गुण थे जिनसे सारी बाधाएँ दूर हो गयी और आपने समस्त कठिनाईयों पर विजय प्राप्त कर ली। (महर्षि पृ. 2)

इंग्लैण्ड के विश्वविख्यात दार्शनिक और विद्वान बनार्ड शॉ ने जनवरी 1933 ई. में पैगम्बर इस्लाम के संबंध में विचार व्यक्त करते हुए कहा था कि, मैंने हजरत मुहम्मद सल्ल. की जीवनी का अध्ययन किया है, वह एक महामहिम मानव थे, मेरी राय में उन्हें मानवता का मुक्तिदाता कहना चाहिये, मुझे विश्वास है कि, अगर उनके जैसे इंसान वर्तमान संसार का अधिनायक बन जाता तो उसकी सारी जटिल समस्याओं का इस प्रकार समाधान कर देता कि इंसानी दुनिया इच्छित सुख-शांति से हो जाती ।

दीन-ए-इस्लाम के मानने वाले हजरत मोहम्मद सल्ल. का पवित्र दिन आज ईद मिलादुन्नबी के रूप में परम्परागत तरीके से हर्षोल्लास के साथ शांति और सद्भावनाओं के वातावरण में मनाते चले आ रहे हैं इस पर्व का उद्देश्य हजरत के संदेशों को और शिक्षाओं को सद्भावनापूर्ण वातावरण में जन-जन तक शांतिपूर्ण ढंग से पहुँचाना है। आज खुशियाँ मनाकर घरों में विविध प्रकार के व्यंजन एवं मीठे पकवान बनो जाते है। कुरआन शरीफ का पाठन कर खुदा के प्यारे रसूल की जिन्दगी उनके व्यवहार, कार्यों एवं संदेशो पर तकरीर होती है सभी मुसलमान भाई बुरपाईयों से दूर रहकर सत्य के मार्ग पर चलने एव हजरत द्वारा दी गयी शिक्षा एवं संदेशो को ग्रहण करने एवं उनका अनुकरण करने का सबक ताजा करते है।

**गाजी मार्ग, गौरी नगर, राजनांदगांव (छ.ग.)**

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम-260 : महर्षि वशिष्ठ के समझाने का भी रानी कैकेई पर कोई प्रभाव नहीं

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



गुरु वशिष्ठ ने रानी कैकेई से पूछा, ‘देवी! राजकुमार राम के अभिषेक से कुछ प्रहर पूर्व ही उस निर्णय को बदल देने की क्या आवश्यकता हुई?’

रानी कैकेई ने विस्तार से समझाया, ‘क्षमा करें गुरुदेव! महाराज को मुझे अपने वचनानुसार दो वर प्रदान करने थे और इसमें से एक वर में मैंने पुत्र राम का वनवास मांग लिया है। राम महाराज को सर्वाधिक प्रिय है और रघुकुल परंपरा के अनुसार महाराज के लिए सर्वोच्च वर वही हो सकता है जिसमें वह अपनी सर्वाधिक प्रिय वस्तु या व्यक्ति का मोह त्यागने को तैयार हों। अतः मैंने ऐसा वर मांगकर महाराज की ही सहायता की है और इस तरह असुरों के विरुद्ध मेरे द्वारा उन्हें की गई सहायता का स्वयं उनके ही अनुसार दिया जाने वाला प्रतिदान संतुलित हो जाएगा।’

महर्षि वशिष्ठ यह सब सुनकर सहन नहीं कर सके। उन्होंने रूष्ट स्वर में कहा, ‘यह उचित कारण नहीं है देवी, बल्कि हठ है आपका और अगर यह आपकी सेवा के बदले उचित प्रतिदान होता भी तो इसे आप अभिषेक कार्यक्रम की घोषणा के पूर्व मांग सकती थीं। असमय यह मांग कर आपने समूचे अयोध्या राज्य में जन असंतोष और भ्रम की स्थिति निर्मित कर दी है।’

‘गुरुदेव! जन असंतोष और भ्रम तभी फैलेगा जब महाराज स्पष्ट आदेश जारी नहीं करेंगे और भरत का युवराज पद पर समर्थन नहीं करेंगे।’ कैकेई ने स्वयं को सही सिद्ध करने का प्रयास किया।

‘गुरुदेव ! कैकेई की आंखों पर मोह की पट्टी बंधी है और लोभ ने इसके मस्तिष्क पर अधिकार कर लिया है। अपनी व्यक्तिगत आकांक्षा के लिए यह भरत का अभिषेक करवाना चाहती है और न जाने क्या सोचकर राम जैसे पराक्रमी और धर्मनिष्ठ ज्येष्ठ सुपुत्र को वन भेजना चाहती है।’’राजा दशरथ ने बड़ी कठिनाई से क्षीण स्वर में कहा।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सू- दोकू क्र.179

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.178 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -179

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**
1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 178 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | वा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | बी |
| ग्न | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |

## सामयिक चर्चा

# एक और बात

खबर पढ़कर, मुग्ध होकर
बानी बोले- ‘‘गजाधर!
रायपुर में
कलेक्टर और एसपी के
कांफ्रेन्स में
मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी ने
क्या बढ़िया बात कही है कि
पुलिस के हाथ, लोहे की तरह,
और दिल, मोम जैसा होना चाहिए।’’
गजाधर मुस्कराए, बोले-
‘‘बानी! एक और बात-
पुलिस को, पैसा देख,
अपना धर्म और ईमान,
नहीं खोना चाहिए।’’



गिरीश बख्शी

## कविता

### // यथार्थ //

घट चाहे माटी का हो, मोती से जड़ित या हो ,
मदिरा के पात्र से तो, दुर्गंध ही आयेगी।
कितनी प्रशंसा करो, मीठे शब्द वाणी भरो ,
छद्म छवि कभी यहॉं, छुप नहीं पायेगी।

मन छल द्वेष गढ़े, पीठ पीछे दोष मढ़े,
प्रेम कड़ी एक दिन, टूट ही तो जायेगी।
करो मत बुरा कर्म, अपनाओ सत्य धर्म,
आत्मा को परमात्मा से, मिलन करायेगी।।

प्रतिदिन राम जप, नित ध्यान योग तप।
जीवन जटिल बाधा, त्वरित मिटायेगी।
उपजे आनंद सुख, हृदय से मिटे दुख,
त्याग भक्तिभाव से ही, मुक्ति मिल पाएगी।।



प्रिया देवांगन

## कविता

### बेबसी है, लाचारी है

बेबसी है, लाचारी है, और दहशत का आलम है
यहाँ हर कोई खौफजदा है, पल-पल मातम है।
इंसानों की खाल में यहाँ भेड़ियों का आतंक है
इंसानी मुखौटों मैं, छिपा कोई वहशी घातक है।

इंसानों की इंसानियत अब, हो रही तार-तार है
क्यों यहाँ हर पल हो रही दरिंदगी ये बार-बार है
क्यों हर जगह-जगह घुम रहें शिकारी खूंखार है
कोई कैसे बचेगा इनसे यह तो वहशी दुराचार है।

जमीर इंसानों का, क्यों हो रहा इतना खुद्दार है
यहाँ हर एक शख्स, बेवजह हो रहा शर्मशार है
जहाँ होता था सन्नाटा, वहाँ चीखों की पुकार है
और शमशानो में धधक रहा अंगार ही अंगार है।



अशोक पटेल ‘आशु’
तुस्मा,शिवरिनारायण( छ ग )

## राशिफल



**मेष**
आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी बात को लेकर थोड़े उलझन में रहेंगे, जिसे आप अपने किसी ख़ास मित्र से शेयर भी करेंगे आपको राहत मिलेगी। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्तों की बर्थडे पार्टी मे जाएंगे, जहां बाकी दोस्तों के साथ इंज्वाय करने का मौका मिलेगा।



**वृषभ**
वृष राशि: आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिए आपको ओवर टाइम करना पड़ेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही न करें। टूर-ट्रेवल्स और मीडिया संबंधी बिजनेस में नया मोड़ आ सकता है। आज अपको किसी करीबी से कोई ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा।



**मिथुन**
आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। आज का दिन महिलाओं के लिए बहुत ही अनुकूल है।



**कर्क**
आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरुरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे।



**सिंह**
आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आज आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आप लम्बे समय तक स्वस्थ रहें इसके लिए आपको अच्छी डाइट लेनी चाहिए।



**कन्या**
आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रो के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल पक्ष से कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। बच्चे आज अपने पढ़ाई के प्रति सीरियस रहेंगे।



**तुला**
आज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। कुछ दिनो से चल रही किसी के साथ अनबन आज ख़त्म होगी। राजनीति व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस मैन आज कोई जरुरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा।



**वृश्चिक**
आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में भी जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी। आप कम से कम समय में काम निपटाने की कोशिश करेंगे।



**धनु**
आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को आज ज्यादा पढ़ाई करने की जरूरत है।



**मकर**
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद की गुहार करेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप शॉपिंग करने का मन बनाएंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा।



**कुंभ**
आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आप अपने व्यापार को आगें बढाने के लिए कुछ ऐसी भी योजनाएं बनाएंगे जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। आज अधिकतम समय आप धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे। आप अपने कार्यों को जितनी तन्मयता और मेहनत से करेंगे।



**मीन**
आज परिवार का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते है वो आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगें। लवमेट आज साथ में समय बितायेंगे। सामाजिक कामों में अपना योगदान देने से आपकी पहचान बढ़ेगी। आपकी लोकप्रियता के साथ-साथ जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा। कुछ राजनीतिक लोगों के साथ लाभदायक मुलाकात होगी।

# सार्वजनिक स्थान में गंदगी करने के लिए गुरुदेव कृषि केंद्र अर्जुनी पर लगाया गया जुर्माना



**कलेक्टर ग्राम अर्जुनी में आयोजित स्वच्छता दिवस कार्यक्रम में शामिल**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के मार्गदर्शन में राजनांदगांव जिले के सभी जनपदों में स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम के तहत विकासखंड स्तरीय स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमे एबीस सीएसआर पहल के वालिएंटर द्वारा नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता गीत तथा छात्रों द्वारा स्वच्छता पोस्टर के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया गया। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल जनपद पंचायत डोंगरगांव के ग्राम अर्जुनी में आयोजित स्वच्छता दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव के विभिन्न स्थलों की साफ-सफाई की। कलेक्टर ने स्वच्छता पखवाड़ा के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर ग्रामीणों को स्वच्छता अभियान से जुडऩे की अपील की। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम तहत वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छाग्राही समूहों एवं सचिवों को सम्मानित किया तथा सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। उन्होंने दुकानदारों को कचरा प्रबंधन एवं उचित निपटान के संबंध में जानकारी दी और सार्वजनिक स्थान में गंदगी करने के लिए गुरुदेव कृषि केंद्र अर्जुनी पर जुर्माना भी लगाया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत दिनेश गांधी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती इंदुमती साहू, रामकुमार गुप्ता, जनपद सदस्य मनीष साहू, श्रीमती निर्मला सिन्हा, मोहनीश साहू, योगेश पटेल, दिनेश साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

इसी तरह जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत मुरमुंदा में एक दिवसीय स्वच्छता कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी गई। साथ ही पेंटिंग एवं मॉडल निर्माण भी किया गया। बच्चों द्वारा रैली निकाला गई तथा ग्राम के मुख्य क्षेत्र की साफ-सफाई भी की गई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत डोंगरगढ़ से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विकासखंड समन्वयक, विकासखंड परियोजना मैनेजर, ग्राम पंचायत मुरमुंदा से सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं समस्त महिला समूह उपस्थित थे। स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत जनपद पंचायत छुरिया के अधीनस्थ ग्राम पंचायत भकुर्रा में स्वच्छाग्राही समूह द्वारा साफ-सफाई की गई एवं उस स्थान पर पौधारोपण भी किया गया। अभियान को सफल बनाए रखने हेतु ग्रामीणों को आस-पास के कचरे की साफ-सफाई करने, स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच लाने, नालियों की साफ-सफाई करने, स्वच्छता शुल्क देने, नारा दीवाल लेखन का संदेश दिया गया। जनपद पंचायत राजनांदगाव ग्राम पंचायत जोरातराई ( म ) में स्वच्छता तिहार एवं स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों, महिला स्वसहायता समूह तथा ग्रामीणजन को इको ब्रिक्स बनाने, सूखा एवं गीला कचरा में अंतर उनका समुचित निपटान, माहवारी स्वच्छता, ओडीएफ प्लस मॉडल व घर की साफ-सफाई के संबंध में जानकारी दी गयी। सीईओ जिला पंचायत द्वारा स्वच्छता दीदीयों को पैसा नहीं देने वाले परिवारो के घर डोर टू डोर पहुंचकर स्वच्छता राशि (यूजर चार्ज) देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा रैली निकालकर गांव की गली-गली में घूमकर स्वच्छता संबधित नारे लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों के साथ प्रत्येक गांव में अक्टूबर तक कैलेंडर अनुसार मनाया जायेगा। जिसमें सभी विभाग की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

# अम्बागढ़ चौकी महाविद्यालय में मनाया गया हिंदी दिवस




अंबागढ़ चौकी (दावा)। शासकीय लाल चक्रधर शाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बागढ़ चौकी में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. आर. मंडावी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। हिंदी विभाग के अतिथि प्राध्यापक लीमेन सिंह अपने उद्बोधन में रोचक माध्यम से भाषा का अर्थ, हिंदी भाषा की उत्पत्ति के साथ हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार पर विचार साझा किया। इसी क्रम में डॉ. अन्नपूर्णा देवांगन ने हिंदी भाषा के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने में योगदान एवं राजभाषा के पक्ष में विचार प्रस्तुत किया। अतिथि प्राध्यापक मनीष कुर्रे ने हिंदी को मन एवं जन-जन की भाषा के रूप में बताते हुए कहा हिंदी भाषा की मधुरता, शीतलता जैसे क्षमता किसी अन्य भाषा में नहीं है, साथ ही हिंदी एवं उर्दू अलग न होकर एक ही भाषा होने के पक्ष अपना मंतव्य रखा। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा बताया गया की आज हिंदी मिश्रित रूप का प्रयोग हम कर रहें एवं इसकी शुद्धता पर बल देते हुए साहित्यिक पत्र-पत्रिकाओं को पढ़ने एवं जीवन में हिंदी के प्रति सम्मान हेतु छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। अंतिम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में कविता पाठ के साथ हिंदी के संबंध में विचार प्रेषित किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक जे.आर.परतेती, डॉ. निरेश कुर्रे, डॉ. जे.पी.सूर्यवंशी, क्रीड़ा अधिकारी मोरध्वज सोनवानी, चंद्रेश साहू, भरत डेंजारे, भुनेश्वर बेहरा, सुनील कुमार नायक, नंदकुमार साहू, डॉ. भारती सोनी, डॉ. साँचेत देशमुख, दिलेश्वर रात्रे, याशिमन सिद्धिकी के साथ एम.ए. प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के समस्त विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## व्यायाम में नवाचार 'संगीत्याम'



हरदी (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में प्राचार्य आरके देवांगन की अनुमति से साप्ताहिक शनिवारी व्यायाम के स्थान पर एक प्रयोग करते हुए नवाचारी शिक्षक पीटीआई रीना बोरकर देवांगन एवं व्याख्याता अजय पाठक ने संगीत मय व्यायाम 'संगीत्याम' का आयोजन किया। इसके अंतर्गत देशभक्ति गीतों के साथ व्यायाम किया गया। उनका मानना है की इससे विद्यार्थियों को बोरियत व थकान महसूस नहीं होगी तथा उनका पढ़ाई के लिए मूड भी अच्छा रहेगा। प्राचार्य ने इस नवाचार की तारीफ करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थी अधिक क्रियाशील होंगे। उनकी क्षमताओं में वृद्धि होगी एवं सबसे महत्वपूर्ण जो अब तक पीटी से भागते थे वे भी अब मन लगा कर व्यायाम करेंगे। इस आयोजन में विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित सभी ने इस आयोजन की सराहना की।

## आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का वजन नापकर ऊंचाई जांच किया गया

**0 पार्षद ने किया प्रोटीन पाउडर का वितरण**



गंडई पंडरिया (दावा)। आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्यौहार शुरू हो गया है इसकी शुरूआत राज्य की महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सूरजपुर जिले के वीरपुर आंगनबाड़ी केंद्र से इस अभियान की शुरूआत किया है,इसी के तारतभ्य में नगर के आंगनबाड़ी केंद्रों में भी वजन त्यौहार मनाया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 14 टिकरीपारा के केंद्र में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आगामी 23 सितंबर तक 0 से 6 वर्ष से कम बच्चों का वजन एवं ऊंचाई जांच कर कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की स्थिति का पता लगाया जाएगा, इस वजन त्यौहार कार्यक्रम में वार्ड पार्षद नारायण लाल चतुर्वेदी द्वारा कुपोषित बच्चों को प्रोटीन पाउडर का वितरण भी किया गया। इस दौरान महिला बाल विकास पर्यवेक्षक माधुरी जगत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरिता मारकंडे,सहित वार्ड के महिला एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा संपन्न



मोहला (दावा)। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के 19 परीक्षा केद्रों में छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा, 15 सितंबर को कलेक्टर एस. जयवर्धन के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस परीक्षा हेतु जिले में कुल 5502 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें से 3697 परीक्षार्थी ही उपस्थित हुए, 1805 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे जबकि जिला प्रशासन ने व्यापमं के निर्देशों के अनुरूप परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क एवं रूट चार्ट भी जारी किया था। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डॉ. हेमेन्द्र भुआर्य एवं अमित नाथ योगी के नेतृत्व में दो उड़नदस्ता दलों द्वारा परीक्षा प्रक्रिया की गहन निगरानी की गयी। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की परीक्षाओं के जिला नोडल अविनाश ठाकुर डिप्टी कलेक्टर, जिला समन्वयक पुरुषोत्तम साहू प्राचार्य ने परीक्षा की पूर्व तैयारी एवं सभी विभागों से आपसी समन्वय कर निर्विघ्न परीक्षा संपादित की।

## चेन्दरीबन नवागांव में हिन्दी दिवस का आयोजन हुआ

हरदी (दावा)। शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला चेन्दरीबन नवागॉव में हिन्दी दिवस मनाया गया। हिन्दी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कहानी में निशा साहू सातवीं प्रथम, हंसिका पटेल सातवीं द्वितीय, गीत में तुलेश मानकर आठवीं प्रथम, वर्षा पटेल आठवीं द्वितीय, कविता में हिमांशु हिरवानी आठवीं प्रथम, खुशी ठाकुर छठवीं द्वितीय, भाषण में तनु साहू सातवीं प्रथम, आर्यन वासनिक सातवीं द्वितीय स्थान पर रहा। बताया गया कि भारतीय संविधान सभा ने हिन्दी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। हिन्दी दिवस का उद्देश्य हिन्दी भाषा को प्रोत्साहित करना और उसके प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना है। यह दिन हमें हिन्दी के महत्व और इसके प्रति हमारी जिम्मेदारी की याद दिलाता है। इस अवसर पर कोमलचंद आर्य माध्यमिक प्रधान पाठक, गोमती पटेल, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, नीलम साहू, चन्द्रभूषण साहू प्राथमिक प्रधान पाठक चैतन्य देवांगन, चमेली देवांगन, मोनिका ठाकुर, कविता ठाकुर उपस्थित थे।

# कांग्रेस की योजनाएं बंद कर दी, फिर भी कर्ज पर कर्ज ले रही साय सरकार - राहुल तिवारी

**विष्णु के सुशासन पर असफल सरकार का टैग**



राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता राहुल तिवारी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार की कर्ज लेने की नीति को चिंताजनक बताया है। उन्होंने कहा कि, चंद महीनों में ही इस नई नवेली सरकार ने 32 हजार करोड़ का कर्ज ले लिया है। इसके बाद वे एक बार फिर एक हजार करोड़ का कर्ज लेने की तैयारी में है। विष्णुदेव सरकार की ये परंपरा राज्य पर आर्थिक बोझ बढ़ा रही है।

राहुल ने कहा कि, 9 महीनों की विष्णुदेव साय सरकार में महतारी वंदन योजना ही संचालित हो पा रही है। उसमें भी जैसा वायदा भाजपा ने चुनाव के दौरान किया था वैसे मानदंड नहीं अपनाए गए हैं। आज भी कई महिलाओं को इसका फायदा नहीं मिल रहा है। जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के हर वर्ग के व्यक्ति तक सीधी मदद पहुंचाने का जिम्मा उठाया था और वायदा निभाया था। भाजपा ने सत्ता में आते ही ऐसी अनेक योजनाओं को बंद कर दिया। ग्रामीण परिवेश के बढ़ते विकास को वे पचा नहीं सके। ध्रुवीकरण और पूंजीवाद की विचारधारा वाली भाजपा सरकार ने प्रदेश को कई मोर्चों पर पीछे धकेलने का प्रयास किया है।

उन्होंने कहा कि, आंकड़े बता रहे हैं कि इस सरकार ने कुछ ही महीनों में 32 हजार करोड़ का कर्ज ले लिया है। इसके बाद अब आरबीआई से दोबारा कर्ज लेने की तैयारी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज जी ने कहा है कि, साय सरकार ने रिजर्व बैंक को एक बार फिर 1000 करोड़ की प्रतिभूतियां को बेचने का प्रस्ताव दिया है। 17 सितंबर को प्रतिभूतियों की नीलामी प्रस्तावित है। प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार की स्थिति पर मुख्यमंत्री की आलोचना की है जो कि उचित भी है।

प्रवक्ता तिवारी ने कहा कि, पूर्व आईएएस अधिकारी ओपी चौधरी को भाजपा ने प्रदेश में वित्त की कमान सौंपी है। उन्होंने पिछले बजट सत्र में छत्तीसगढ़ की जनता को बड़े-बड़े सपने दिखाए। उन्होंने राज्य स्थापना के दिन 1 नवंबर को अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन-2047 पेश करने की बात कही है। लेकिन इससे पहले ही बढ़ते कर्ज की स्थिति कई तरह की शंकाएं पैदा कर रही है। इससे पहले भाजपा के विधानसभा चुनावी वायदों में शामिल रायपुर, भिलाई और दुर्ग को दिल्ली के एनसीआर के तर्ज पर विकसित करने की घोषणा की थी। लेकिन अब सरकार इस पर होंठ तक नहीं हिला रही है। अलबत्ता पिछले महीनों में बिजली की दरें बढ़ा दी गई हैं। कई राहत की योजनाएं ठप कर दी गई हैं।पूर्ववर्ती सरकार को लेकर दावे करते हुए तिवारी ने कहा कि, कांग्रेस जनता के लिए न्याय का पथ आगे बढ़ा रही थी जिस पर भाजपा ने अड़ंगा डाला है। आर्थिक, सामाजवाद के मोर्चे पर सरकार असफल है और इसके लक्षण अभी से नज़र आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि, भाजपा सरकार दिल्ली के इशारों पर फैसला ले रही है। यहां पर्दे के पीछे कोई और ही फिल्म चल रही है।

# बिहारी साहू 'हिंदी काव्य रत्न' मानद उपाधि सम्मान से सम्मानित

खैरागढ़ (दावा)। ग्राम धारिया छुईखदान जिला केसीजी छत्तीसगढ़ को नेपाल के लुंबिनी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ऐतिहासिक महत्व की गौरवशाली हिंदी दिवस अंतर्राष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता कार्यक्रम में शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउन्डेशन नेपाल के अध्यक्ष आनंद गिरि मायालु व सचिव चरना कौर द्वारा 'हिंदी काव्य रत्न' मानद उपाधि सम्मान से सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में नेपाल, भारत, अमेरिका, कनाडा तथा तंजानिया आदि देशों के 6742 महिला व पुरुष रचनाकारों की सहभागिता थी, जिसमें 675 प्रतिभाओं का उत्कृष्ट कविता के आधार पर चयन कर सम्मानित किया गया है। बिहारी साहु राज्य एवं देश भर के विभिन्न समाचार पत्रों,पत्र- पत्रिकाओं में लगातार लेखन कार्य कर रही है। और साहित्य के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। अब तक बिहारी साहु को साहित्य के क्षेत्र में अनेक साहित्यिक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

# शिक्षक साकेत गंजीर को भावभीनी विदाई



जोंधरा (दावा)। एक शिक्षक में भविष्य निर्माण की अद्भुत क्षमता होती है अपने शिक्षकीय जीवन में वह अपने छात्रों के स्वर्णिम जीवन निर्माण के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। शिक्षक की सेवानिवृत्ति औपचारिक होती है एक सभ्य समाज शिक्षकों से अनंतकाल तक सीखता ही रहता है।

उक्त वक्तव्य विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर. एल. पात्रे ने शिक्षक साकेत कुमार गंजीर प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बेंदरकट्टा के विदाई सम्मान समारोह पर कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे साहू समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ एन. के. साहू ने अपने वक्तव्य में श्री गंजीर के व्यक्तित्व को एक आदर्श शिक्षक के चरित्र से जोड़ते हुए चिंतनशील , उद्यमशील एवं सृजनशील शिक्षक के रूप में रेखांकित किया।

एबीईओ सुश्री रश्मि ठाकुर ने श्री गंजीर की सहजता एवं सरलता को उनके जीवन दर्शन का हिस्सा बताया। अपने 40 वर्षों के शिक्षकीय जीवन में श्री साकेत एक आदर्श शिक्षक की भूमिका में रहे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये नित नये नवाचार करना एवं खेल खेल में शिक्षण उनकी शिक्षा का मूलमंत्र रहा है। श्री साकेत के निर्विवाद सहयोगात्मक आचरण को संकुल खुज्जी प्रभारी प्राचार्य गुमानसिंह साहू ने अनुकरणीय बताया। श्री साकेत कुमार गंजीर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बेंदरकट्टा से प्रधान पाठक के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।

श्री साकेत ने अपने उद्बोधन में अपने शिक्षकीय जीवन का सार प्रस्तुत किया एवं उपस्थित शिक्षकों को सफल शिक्षकीय जीवन जीने के सूत्र दिये एवं वृहद् आयोजन के लिए बेंदरकट्टा वासियों का आभार व्यक्त करते हुए सफल शिक्षण में पालकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संयोजक शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रवींद्र रामटेके ने संकुल के समस्त शिक्षकों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती हरिला साहू, अमर निषाद, पूर्वक सोनटेके, भैया लाल सोनटेके, संघपाल रामटेके, मुकेश उके एवं विद्यालय के शिक्षकगण श्रीमती दुर्गेश्वरी ठाकुर, वीरेन्द्र पटेल, श्रीमती मंजू खोब्रागढ़े, ए.के.शर्मा एवं समस्त ग्रामवासियों ने श्री गंजीर को भावी जीवन की शुभकामनाएँ दी। संपूर्ण कार्यक्रम का मंच संचालन गजेंद्र हरिहारनो ने किया। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक मोहन लाल साहू ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# निरीक्षण : बाढ़ में क्षतिग्रस्त हुए मकान की क्षति आकलन के लिए रजक समाज के प्रतिनिधि मंडल ने किया निरीक्षण



**0 बाढ़ में क्षतिग्रस्त मकान के लिए हर संभव मदद करेगा समाज**
**0 एसडीएम और पटवारी से समाज के पदाधिकारी ने की चर्चा सहयोग की मांग**

डोंगरगांव (दावा)। हाल ही में हुई बारिश के कारण डोंगरगांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जामसराय कला गांव में बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए राजनांदगांव जिला रजक समाज के प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को समाज के लोगो के घर का दौरा किया।

रजक समाज के जिला अध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकर के अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल की टीम को जानकारी मिलने पर ग्राम जामसराय कला निवासी अमेरिका निर्मालकर पिता कार्तिक निर्मलकर का घर भारी बारिश के चलते बाढ़ के चपेट में आने से घर की दीवारें क्षतिग्रस्त होने के कारण जीवन यापन करने में बहुत ही दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

जिला अध्यक्ष डॉ लेखराम निर्मलकर ने क्षतिग्रस्त मकान एवं दीवारों का निरीक्षण करके तुरंत संज्ञान में लेते हुए संबंधित पटवारी से बातचीत कर जल्द ही क्षेत्र का निरीक्षण कर मुआवजा राशि शासन से दिलवाने की बात कही। तत्पश्चात डॉक्टर निर्मलकर ने क्षतिग्रस्त मकान की जानकारी डोंगरगांव एसडीएम को देते हुए कहा कि अमेरिका कार्तिक निर्मलकर को सही ढंग से सहयोग राशि मिल जाए जिससे वह अपने घर को ठीक ढंग से रिपेयर करवा सके। इस दौरान अध्यक्ष डॉ लेखराम निर्मलकर के साथ सचिव रोहित निर्मलकर, कोषाध्यक्ष योगेश निर्मलकर, हेम सिंह निर्मलकर उपस्थित रहे। उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी लोकेश रजक ने दी।

# सेवानिवृति शिक्षकों का विदाई सह सम्मान समारोह संपन्न




गंडई पंडरिया (दावा)। गंडई क्षेत्र के पेंडरवानी पंचायत के शाला प्रांगण में शिक्षक जगदीश प्रसाद शर्मा और रामबिलास साहू के सेवानिवृति उपरांत विद्यालय परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामवासी पेंडरवानी ने किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे थे।

शाला के प्रधान पाठक गांधीराम साहू ने बताया कि शिक्षक जगदीश प्रसाद शर्मा और रामबिलास साहू पेंडरवानी संकुल में समन्वयक के पद पर कार्यरत थे। कुछ समय पूर्व दोनों ही शिक्षक सेवानिवृति हो चुके थे। ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामवासी पेंडरवानी द्वारा विद्यालय परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन कर शिक्षकों का साल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान कर विदाई किया गया है। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी संकुलों के समन्वयक और शिक्षकों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजनांदगांव लोक सभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे थे। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे मुन्ने छात्र छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया। आयोजित समारोह को कई वक्ताओं ने संबोधित करते हुए सेवानिवृत शिक्षक के विद्यालय में शिक्षा के प्रति ईमानदारी पूर्वक किये कार्य, मधुर स्वभाव और कर्तव्य निष्ठा का चर्चा किये।

बताया जाता है कि शिक्षको ने अपने 30 से 35 वर्षों के सेवा काल में ग्राम पेंडरवानी क्षेत्र सभी गांव के लोगों को पढ़ाया है। जिनको सम्मान सहित विदाई देने क्षेत्र के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। जहां पर शिक्षकों का साल श्रीफल और माला तिलक कर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे ने कहा कि मैं भी एक शिक्षक का पुत्र हैं। मैने अपने पिता जी के जीवन के देखा है। शिक्षक का जीवन बहुत ही संघर्षपूर्ण होता है। ग्राम पंचायत पेंडरवानी के सरपंच खूमेश कुमार बंजारी ने शिक्षकों के व्यक्तितव पर चर्चा करते हुए बताया कि उनके डांट और दुलार है जिसके बदौलत आज हमने यह मुकाम हासिल किया है। साथ ही उन्हों ने सांसद संतोष पांडे को क्षेत्र की समस्या से अवगत कराते हुए विद्युत सब स्टेशन, गांव में सीसी रोड, नाली निर्माण, सिंचाई व्यवस्था हेतु सुतियापाठ जलाशय से नहर की मांग, पशु अवसधालय में डॉक्टर, प्राथमिक एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में विषय शिक्षक सहित ग्राम पंचायत में सामुदायिक भवन की मांग किया। ग्राम पंचायत के पंच एवं सदस्यों ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। मंच का सफल संचालन शिक्षक होरीलाल अहिरवार ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, मंडल अध्यक्ष राजेश मेहता, खम्मन ताम्रकार, राकेश ठाकुर, गोपाल साहू, रवि भावनानी, श्यामपाल ताम्रकार, राकेश जयसवाल, संजय राजपूत, भीखू हिरवानी, लीलाराम साहू, लेखराम साहू, जितेन पटेल, यतीश कुंजन, अंकित अग्रवाल, भूपेंद्र पटेल, सिद्धार्थ तिवारी, प्रभुराम जंघेल, तिलक जंघेल, मनु मरकाम, आत्मा साहू, शिव प्रसाद साहू, विष्णु साहू, केशव साहू, गंगू रजक, ओमकार जंघेल, अमर सिंह साहू, सेवक साहू, रामकुमार साहू, तोहर साहू, जसवंत साहू, रमेश जंघेल, नागेश्वर साहू सहित, सभी संकुल के समन्वयक, शिक्षक, ग्रामवासी और विद्यालय के छात्र-छात्रा भरी संख्या में उपस्थित रहे।

# महरूम में रामधुनी प्रतियोगिता संपन्न



खुज्जी(दावा)। ग्राम महरुम में गणेश उत्सव के शुभ अवसर पर दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में विधायक भोलाराम साहू विधानसभा क्षेत्र खुज्जी ने शामिल होकर भगवान श्रीराम के पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं क्षेत्र के सुख, शान्ति, समृद्धि के कामना की। भोला राम साहू ने स्वागत के लिए आयोजक ग्राम विकास समिति के सभी पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी पर भगवान श्रीराम की कृपा हमेशा बनी रहे।

इस अवसर पर प्रताप धावड़े, सरपंच, ग्राम पंचायत तुर्रेगढ, अशोक सेवता, सरपंच ईश्वर देवांगन, रूपकला मंडावी, सोहागा बाई साहू, ललिता भेड़िया, किसुन साहू, विदेशी राम साहू, कुशाल सिंह, राजेंद्र भेड़िया, जी .एस.कोसमा प्र.पा., द्वारिका साहू, ललित साहू, रज्जु यादव, रमेश साहू, दशरथ देवांगन, नरसिंग मडावी, ओझिंन बाई साहू, चिम्मन चंदेल, गौतम नेताम, गोविंद मंडावी, घना राम, केशव राम, मुकेश, अमरौतिन बाई, सोन कुँवर, लखन साहू, हारी लाल, भान बाई, विमल, श्रवण ठाकुर, सुमीत मंडावी पूर्व सरपंच, सहित आयोजन समिति के सभी सदस्य तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### मालदीव ने भारत को फिर दिया धोखा, चीन के साथ मिलाया हाथ; इस बड़े समझौते पर किए हस्ताक्षर

मालदीव। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू आगामी दिनों में भारत दौरे पर आने वाले है। मोहम्मद मुइज्जू का भारत दौरा दोनों देशों के बीच रिश्ते सुधारने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है, लेकिन उससे पहले ही मालदीव ने भारत के साथ धोखा किया है।

दरअसल, मालदीव के राष्ट्रपति ने चीन के साथ एक वाणिज्यिक समझौता किया है। मालदीप के चीन के साथ बड़ा सौदा करने से भारत-मालदीव के बीच फिर से तनाव बढ़ सकता है। मालदीव ने अपनी-अपनी मुद्राओं में चालू खाता लेनदेन और प्रत्यक्ष निवेश के लिए पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

मालदीव ने कहा कि जल्द ही उसके यहां चीन के सबसे बड़े बैंक आईसीबीसी की एक शाखा खुल सकती है। मालदीव के आर्थिक मंत्री मोहम्मद सईद ने कहा, मालदीव में चीन के सबसे बड़े बैंक इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल बैंक ऑफ चाइना की एक शाखा खोलने के लिए काम चल रहा है। बता दें कि चीन 70 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक के द्विपक्षीय व्यापार के साथ मालदीव का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है।

### रोमानिया में तूफान बोरिस से पांच लोगों की मौत

बुखारेस्ट । रोमानिया का गलाती काउंटी तूफान बोरिस से आई भीषण बाढ़ से उबरने के लिए संघर्ष कर रहा है। बाढ़ के कारण पांच लोगों की जान चली गई और 250 से अधिक निवासी विस्थापित हुए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, चक्रवात (तूफान) के कारण भारी बारिश हुई। इसके कारण बाढ़ आने से 25,000 से ज्यादा घरों में बिजली गुल हो गई और 12 शहरों के 5,000 से अधिक घर प्रभावित हुए।

रोमानियाई सरकार ने आपातकालीन संसाधन जुटाए हैं। प्रधानमंत्री मार्सेल सियोलाकु ने सबसे अधिक प्रभावित शहरों में से एक स्लोबोज़िया कोनाची का दौरा किया। उन्होंने कहा, हमारी प्राथमिकता जीवन बचाना है। हमारे पास तत्काल प्रतिक्रिया के लिए सभी जरूरी संसाधन मौजूद हैं। उन्होंने विस्थापित परिवारों के लिए अस्थायी आवास, भोजन और अन्य आवश्यक आपूर्ति का वादा किया है।

इस बीच, राष्ट्रीय आपातकालीन समिति ने आपातकालीन सहायता को मंजूरी दे दी है, जिसमें प्रभावित लोगों को अस्थायी आश्रय प्रदान करने के लिए 400 टन भोजन, स्लीपिंग बैग, गद्दे और मॉड्यूलर आवास इकाइयां शामिल हैं। राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने बचाव कार्यों में सहायता के लिए सैन्य कर्मियों, बचाव नौकाओं और ट्रकों को तैनात किया। प्रभावित शहरों में लूटपाट और बर्बरता को रोकने के लिए रोमानियाई जेंडरमेरी गश्ती दल भी तैनात किया गया है। जेंडरमेरी के प्रवक्ता ने कहा, लोगों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निवासियों से सुरक्षा निर्देशों का पालन करने और स्थिति स्थिर होने तक खतरनाक क्षेत्रों में लौटने से बचने का आग्रह किया है।

# बेंगलुरू एफसी ने ईस्ट बंगाल से जीती पहली बाजी



बेंगलुरू । बेंगलुरू एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के सीजन 2024-25 में अपने अभियान की शुरुआत जीत से की। ब्लूज ने शनिवार को अपने घरेलू मैदान श्री कांतीरवा स्टेडियम में खेले गए अपने पहले मैच में ईस्ट बंगाल एफसी 1-0 से हरा दिया। बेंगलुरू एफसी की जीत में 19 वर्षीय युवा मिडफील्डर विनीत वेंकटेश ने अपने डेब्यू मैच का पहला गोल 25वें मिनट में किया। बेंगलुरू एफसी का सबसे युवा गोल स्कोरर बनने के लिए विनीत को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

ब्लूज की जीत से स्पेनिश हेड कोच जेरार्ड जारागोजा निश्चित रूप से प्रसन्न होंगे, क्योंकि बेंगलुरू एफसी ने आईएसएल में ओपनिंग मैच जीतने का बेहतरीन रिकॉर्ड कायम रखा। वहीं, रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड की हार से स्पेनिश हेड कोच कार्लेस कुआड्राट जरूर खफा होंगे, क्योंकि इस परिणाम के बाद ईस्ट बंगाल एफसी का खराब शुरुआत का आंकड़ा बरकरार रहा।

मैच का एकमात्र गोल 25वें मिनट में आया, जब 19 वर्षीय युवा मिडफील्डर विनीत वेंकटेश ने अपने पहले ही आईएसएल मुकाबले में गोल करके बेंगलुरू एफसी को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। अटैकिंग थर्ड पर गेंद पाने के बाद स्पेनिश विंगर एडगर मेंडेज ने बॉक्स के अंदर दाहिनी तरफ पास दिया, जिस पर विनीत ने करारा राइट फुटर ग्राउंड शॉट लगाकर गेंद को लेफ्ट बॉटम कॉर्नर के अंदर पहुंचा दिया जबकि ईस्ट बंगाल के गोलकीपर प्रभसुखन गिल अपनी दाहिनी तरफ डाइव लगाकर भी बचाव नहीं कर पाए। इसके साथ ही विनीत बेंगलुरू एफसी के लिए गोल करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए ।

ईस्ट बंगाल को 87वें मिनट में झटका लगा, जब रैफरी क्रिस्टल जॉन ने राइट-बैक लालचुंगनुंगा को दूसरा येलो कार्ड (रेड कार्ड) दिखाकर मैदान से बाहर का रास्ता दिखाया। उन्हें यह सजा राइट विंग में रयान विलियम्स के खिलाफ फाउल करने के लिए मिली। इस कारण ईस्ट बंगाल को अंतिम समय में दस खिलाड़ियों से खेलना पड़ा। लालचुंगनुंगा को पहला येलो कार्ड आठवें मिनट में मिला था।

पहला हाफ बेंगलुरू एफसी के पक्ष में रहा, जिसकी वजह विनीत वेंकटेश का गोल रहा। विनीत के डेब्यू गोल की मदद से ब्लूज 1-0 की बढ़त के साथ हाफ टाइम ब्रेक पर गए। गेंद पर ज्यादा नियंत्रण बेंगलुरू एफसी का 55 फीसदी रहा। ब्लूज की तरह से पांच प्रयास किए गए, जिनमें से एक टारगेट पर रहा और उसी पर गोल आया। वहीं, गेंद पर 45 फीसदी कब्जा रखने वाली ईस्ट बंगाल एफसी की ओर से चार प्रयास किए गए, जिनमें से एक टारगेट पर रहा।

## ओलिविया गैडेकी पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल में, खिताबी मुकाबला मैगडालेना फ्रेंच से



जैपोपन । ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर ओलिविया गैडेकी ने शनिवार के सेमीफाइनल में कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो को 6-2, 6-3 से हराकर ग्वाडलाजारा ओपन एक्रोन में अपने करियर के पहले डब्ल्यूटीए फाइनल में जगह बना ली।

उनके रास्ते में पोलैंड की नंबर 5 सीड मैगडालेना फ्रेच खड़ी हैं, जिन्होंने नंबर 4 सीड कैरोलिन गार्सिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद फाइनल में अपनी जगह बनाई।

फ्रेच ने दोनों सेटों में पीछे से संघर्ष किया और अंततः 7-6(4), 7-5 से जीत हासिल कर साल के दूसरे डब्ल्यूटीए फाइनल में जगह बनाई। गैडेकी और फ्रेच के बीच चैंपियनशिप मैच पहली बार का प्रदर्शन होगा, क्योंकि दोनों खिलाड़ी अपने पहले डब्ल्यूटीए एकल खिताब का पीछा करेंगी - और वह भी प्रतिष्ठित डब्ल्यूटीए 500 स्तर पर।

इस सप्ताह गैडेकी की वृद्धि उल्लेखनीय रही है। ग्वाडलाजारा इवेंट से पहले, उसने जनवरी के बाद से कोई टूर-स्तरीय मैच नहीं जीता था, और उसने दुनिया में 152वें स्थान पर टूर्नामेंट में प्रवेश किया था। फ़ाइनल में पहुंचने से वह इस वर्ष डब्ल्यूटीए फ़ाइनल में पहुंचने वाली तीसरी सबसे निचली रैंक वाली खिलाड़ी बन गई हैं। अगर वह रविवार को जीत हासिल करती हैं, तो वह 2024 की सबसे निचली रैंकिंग वाली चैंपियन बन जाएगी।

## सुपर लीग केरलः कालीकट एफसी ने मलप्पुरम एफसी को 3-0 से हराया



मलप्पुरम। सुपर लीग केरल 2024 एक ऐतिहासिक क्षण का गवाह बना, जब बहुप्रतीक्षित पहला मालाबार डर्बी शनिवार को मलप्पुरम के खचाखच भरे मंजेरी पय्यानाड स्टेडियम में मलप्पुरम एफसी और कालीकट एफसी के बीच खेला गया।

मलप्पुरम के शुरुआती नियंत्रण के बावजूद, कालीकट एफसी ने धीरे-धीरे अपनी लय हासिल कर ली और 22वें मिनट में उनकी दृढ़ता का फल मिला, जब गनी अहमद ने रक्षात्मक चूक का फायदा उठाया और गेंद को मलप्पुरम के गोलकीपर मिधुन के ऊपर से निकाल दिया, जिससे कालीकट को बढ़त मिल गई।

दूसरे हाफ में मलप्पुरम एफसी नए दृढ़ संकल्प के साथ सामने आई और खेल को पलटने के लिए अपने लाइनअप में महत्वपूर्ण बदलाव किए। अपनी ऊर्जावान शुरुआत के बावजूद, कालीकट एफसी ने धीरे-धीरे गति निर्धारित करते हुए और अवसरों का फायदा उठाते हुए मैच पर नियंत्रण हासिल कर लिया।

निर्णायक मोड़ 62वें मिनट में आया, जब कालीकट एफसी के प्रतिष्ठित स्टार, कर्वेस बेलफोर्ट ने एक अच्छे शॉट के साथ गोल किया, जिससे कालीकट की बढ़त दोगुनी हो गई।

कालीकट एफसी अब आत्मविश्वास से भरपूर और डिफेंस में मजबूत हो गई और सीजन की अपनी पहली जीत हासिल करने के लिए तैयार थी । जैसे ही मैच समाप्ति के करीब आया, गनी अहमद ने अतिरिक्त समय के दौरान मैच के अपने दूसरे गोल के साथ कालीकट की जीत पक्की कर दी और एक यादगार प्रदर्शन पूरा किया। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## मेसी की दो गोल के साथ शानदार वापसी, फिलाडेल्फिया को 3-1 से हराया




वाशिंगटन । लियोनल मेसी ने दो महीने की चोट के बाद दो गोल और एक सहायता के साथ वापसी की, जिससे इंटर मियामी ने शनिवार को मेजर लीग सॉकर में फिलाडेल्फिया पर 3-1 से घरेलू जीत हासिल करने के लिए एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी की।

मेहमान टीम ने दूसरे ही मिनट में बढ़त ले ली जब मिकेल उहरे ने अपने मार्कर के अंदर कट किया और एक लंबी दूरी का प्रयास किया जो गोलकीपर ड्रेक कॉलेंडर के दस्तानों से टकराकर नेट में जा गिरा।

मेसी ने एक डिफेंडर को छकाकर और अपने कमजोर दाहिने पैर से दूर कोने में एक निचला शॉट भेजकर बराबरी कर ली।

पूर्व बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन स्टार ने बाएं विंग से जोर्डी अल्बा के क्रॉस के बाद 15 गज की दूरी से गेंद को गोल में पहुंचाकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई।

लुइस सुआरेज़ ने मेसी के पास के बाद 18-यार्ड बॉक्स के किनारे से पहली बार स्ट्राइक करके बढ़त को 3-1 पहुंचा दिया।

फोर्ट लॉडरडेल के चेज़ स्टेडियम के परिणाम ने इंटर मियामी को एमएलएस ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर मौजूद सिनसिनाटी से 10 अंक आगे पहुंचा दिया है।

15-टीम की तालिका में फिलाडेल्फिया 11वें स्थान पर है, फ्लोरिडा संगठन से 32 अंक पीछे।

## प्रथम पेज का शेष

***फरवरी की बजाए नवंबर में चुनाव कराने...***

बीजेपी राजधानी की 7 सीटों पर एक बार फिर से जीत हासिल करने में सफल रही है। इसलिए यह कहना दिल्ली में बीजेपी की स्थिति कमजोर है, ठीक नहीं है। ये अलग बात है कि केजरीवाल सीएम के इस्तीफे की घोषणा के बाद जनता का इमोशनल झुकाव आप की तरफ हो सकता है। आप ने इसलिए भी नवंबर में चुनाव कराने की मांग की है ताकि अगले साल के इंतजार में बीच में कोई दूसरा मुद्दा हावी न हो। केजरीवाल अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर जरूर आए थे, लेकिन स्वाति मालीवाल केस ने आम आदमी पार्टी का खेल बिगाड़ दिया, जबकि आम आदमी पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ी थी। नतीजा ये निकला बीजेपी सभी सीट पर बाजी मारने में सफल रही और इंडिया गठबंधन का दिल्ली में खाता तक नहीं खुला।

0 2019 में तीसरी बार मुख्यमंत्री बने थे केजरीवाल- अरविंद केजरीवाल तीन बार से लगातार दिल्ली के मुख्यमंत्री हैं। उनका पहला कार्यकाल मात्र 49 दिन का था। केजरीवाल पहली बार 28 दिसंबर, 2013 में मुख्यमंत्री बने थे। तब आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के सहयोग से सरकार बनाई थी जो कि मात्र 49 दिन चली थी। इसके बाद हुए विधानसभा में आम आदमी पार्टी दिल्ली की 70 में से 67 सीट जीतने में सफल रही और 14 फरवरी 2015 को केजरीवाल दूसरी बार सीएम बने। 2020 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने जीत दर्ज की और केजरीवाल तीसरी बार सीएम बने।

केजरीवाल ने भाषण में किया सिसोदिया का जिक्र- दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा- मनीष सिसोदिया पर भी मेरे जैसे ही आरोप लगाए गए, वो भी सीएम नहीं बनेंगे। अगले 2 से 3 दिन में विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री पद पर फैसला लिया जाएगा। ऐसे में सस्पेंस बढ़ गया है कि आखिर दिल्ली का अगला सीएम कौन होगा? केजरीवाल ने आगे कहा कि दिल्ली के चुनाव फरवरी में होने हैं, अगर केंद्र सरकार चाहे तो महाराष्ट्र के साथ ही नवंबर में चुनाव करवा लें। जब तक चुनाव नहीं हो जाता है तब तक मेरी जगह कोई और सीएम होगा। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने उन्हें सीएम पद मिलने के सवाल का सीधा जबाव तो नहीं दिया, लेकिन कहा- हमारी विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें नया मुख्यमंत्री तय होगा। हम दिल्ली की जनता के पास जाएंगे। केंद्र से मांग करते हैं कि नवंबर में चुनाव कराइए। इसमें दिल्ली के लोग अपना फैसला देगी। हम जानना चाहते हैं कि दिल्ली की जनता केजरीवाल के लिए क्या सोचती है?

0 फिर कौन बनेगा दिल्ली का मुख्यमंत्री- अरविंद केजरीवाल ने यह स्पष्ट कर दिया कि पार्टी का कोई भी नेता दिल्ली का सीएम नहीं बनेगा। ऐसे में चर्चा शुरू हो चुकी है कि वे दिल्ली विधानसभा चुनाव होने तक किसी भी व्यक्ति को सीएम पद पर नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव नवंबर में ही हो जाना चाहिए। 0 जेल जाने पर क्यों नहीं दिया इस्तीफा- अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैंने जेल जाने पर इस्तीफ़ा इसलिए नहीं दिया, क्योंकि मैं जनतंत्र को बचाना चाहता था। अगर मैं जेल से इस्तीफ़ा दे देता तो ये विपक्ष के सभी मुख्यमंत्रियों को जेल में डाल कर सरकार गिरा देते। मेरी विपक्ष के सभी मुख्यमंत्रियों से विनती है कि अगर ये आपको जेल में डाले तो इस्तीफ़ा मत देना, क्योंकि हमने दिखाया है जेल से सरकार चल सकती है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा पहले ही मिल चुका है। ऐसे में हर राष्ट्रीय पार्टी चाहती है कि चुनाव में वोट शेयर और सीटों की संख्या बढ़ती रहे। लेकिन, हरियाणा की बात करें तो आम आदमी पार्टी ने ऐसा कुछ भी खास नहीं किया, जिससे सत्ता पक्ष को टक्कर दे सके। यही वजह रही कि आखिरी वक्त तक आम आदमी पार्टी कांग्रेस से गठबंधन की बाट जोहती रही, लेकिन बात में देरी के चलते सभी सीटों पर प्रत्याशी उतार दिए। अब अरविंद केजरीवाल जमानत से बाहर आ चुके हैं और चुनाव प्रचार के लिए सिर्फ 20 दिन ही शेष बचे हैं। ऐसे में अरविंद केजरीवाल की ओर से इस्तीफे का ऐलान हरियाणा में आम आदमी पार्टी के बेहतर प्रदर्शन की रणनीति का हिस्सा हो सकता है। दरअसल, हरियाणा सीएम पद को लेकर बीजेपी और कांग्रेस में फूट देखी गई है। बीजेपी सांसद राव इंद्रजीत ने हाल में कहा था कि हरियाणा का सीएम अहीरवाल क्षेत्र से होना चाहिए। आज ही भाजपा नेता अनिल विज ने भी सीएम पद के लिए दावेदारी ठोंकी है। उधर, कांग्रेस में भी सीएम पद को लेकर खींचतान है। कुमारी शैलजा और रणदीप सुरजेवाला ने पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा की जगह खुद को भी सीएम बनने की इच्छा जताई थी।

जेजेपी और इनेलो जीतती है, तो भी सीएम पद किसी मिलेगा, यह भी लोग आसानी से समझ सकते हैं। माना जा रहा है कि हरियाणा सीएम पद को लेकर जारी खींचतान के बीच आम आदमी पार्टी ने भी पत्ता खेला है। सीएम केजरीवाल के दिल्ली सीएम पद से इस्तीफा देने के बाद लोग मानेंगे कि हरियाणा में अगर आम आदमी पार्टी जीतती है, तो निश्चित ही अरविंद केजरीवाल सीएम बनेंगे। इसका आम आदमी पार्टी को दोहरा फायदा होगा। पहला यह कि अरविंद केजरीवाल को अलग राज्य मिल जाएगा, जहां हर फैसले के लिए एलजी के आदेशों का इंतजार नहीं करना होगा। साथ ही, यह भी साबित कर सकते हैं कि हरियाणा में अपनी नीतियों को साकार कर विकास के पथ पर ले जा सकते हैं। साथ ही, दूसरा फायदा यह भी होगा कि दिल्ली चुनाव के वक्त अपनी जिम्मेदारी से बच सकते हैं। ऐसे में यह कहना कि अरविंद केजरीवाल का दिल्ली की सत्ता से मोहभंग हो चुका है, पूरी तरह से ठीक नहीं कहा जा सकता।

***केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू का विवादित ...***

इस वजह से मेरे हिसाब से उन्हें अपने देश से ज्यादा प्यार नहीं है, बाहर जाकर हर चीज उल्टा बोलना और खासतौर पर उनको राजनीति में रहकर भी आज तक पता नहीं चला कि मजदूर का दर्द क्या होता है।

***मोदी की रैली : पीएम बोले- ...***

उससे झारखंड के हर गरीब आदिवासी के दिल को गहरी चोट पहुंची है। पीएम मोदी ने राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव में वोट मांगते हुए कहा, 'आज भी भाजपा केंद्र में रहकर झारखंड के विकास के लिए पूरे समर्पण और सेवाभाव से काम कर रही है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, आप राज्य सरकार में भाजपा को मौका दीजिए, झारखंड के विकास के लिए भाजपा कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेगी। 0 बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ खड़ी है जेएमएम- पीएम मोदी ने कहा, 'झारखंड के तीन सबसे बड़े दुश्मन हैं - जेएमएम, आरजेडी और कांग्रेस। झारखंड के निर्माण का बदला आज भी आरजेडी झारखंड से उतारती है और कांग्रेस को तो झारखंड से नफरत है ही। ये जेएमए वाले जिन्होंने आदिवासियों के वोट से अपनी राजनीति चमकाई, आज वो किसके साथ खड़े हैं? ये लोग आदिवासियों के जंगल जमीन पर कब्जा करने वालों के साथ हैं। जेएमए के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ खड़े हैं। ये घुसपैठिए और कट्टरपंथी जेएमए को भी अपने कब्जे में लेते जा रहे हैं।

***हत्या के संदेह में पूर्व सरपंच के घर...***

लेकिन वहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने पुलिस को घुसने से रोकने की कोशिश की। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों पर पथराव करना शुरू कर दिया। इस दौरान एसपी अभिषेक पल्लव समेत कई पुलिसकर्मियों को चोटें आईं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए जिलेभर से अतिरिक्त पुलिस बल और बटालियन के जवानों को बुलाया। पुलिस के भारी दल-दस्ते के आने के बाद ग्रामीण गांव छोड़कर फरार हो गए, तब जाकर पुलिस गांव में प्रवेश कर पाई। मकान जलकर खाक, भारी नुकसान- रघुनाथ साहू का मकान पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है। आग की भीषणता इतनी थी कि घर का कोई भी सामान बच नहीं पाया। लाखों रुपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा और आग पर काबू पाया।

80 से अधिक लोग गिरफ्तार- इस हिंसक घटना के बाद पुलिस ने बड़ी संख्या में ग्रामीणों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, लगभग 80 से अधिक महिला और पुरुषों को हिरासत में लिया गया है, जो इस घटना में प्रत्यक्ष रूप से शामिल थे। परिजनों का आरोप- पीड़ित परिवार के सदस्य विनोद साहू ने बताया कि सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण अचानक उनके घर पहुंचे और घर में तोड़फोड़ कर परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। उसके बाद पेट्रोल डालकर मकान में आग लगा दी गई। विनोद के अनुसार, उनके भाई और पिता इस हमले के बाद से लापता हैं और एक जली हुई लाश मिली है, जिसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस का बयान- इस पूरे घटनाक्रम पर पुलिस उपाधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार यह घटना आपसी विवाद का परिणाम है। ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच के मकान में आगजनी की, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है। लाश की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है और पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि स्थिति को पूरी तरह से नियंत्रित कर लिया गया है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

आईजी ने भी किया दौरा- घटना की गंभीरता को देखते हुए आईजी दीपक झा भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस बल को सख्त निर्देश दिए हैं कि इस तरह की हिंसक घटनाओं को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और मामले में दोषी पाए जाने वाले सभी लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

***मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पूजा के दिन...***

अंतर्गत 2496 श्रमिकों को 1 करोड़ 19 लाख 83 हजार 142 रूपए की राशि डी.बी.टी. के जरिए वितरण करेंगे। इस तरह कुल 57 हजार 95 श्रमिकों को कुल राशि 49 करोड़ 43 लाख 5 हजार 229 रूपये का वितरण केन्द्रीयकृत डी.बी.टी. के माध्यम से किया जाएगा।

***चुनाव से पहले महाराष्ट्र में***

जुड़ा चौंकाने वाला खुलासा जल्द ही उजागर होगा। कांग्रेस नेता ने एक्स पोस्ट में कहा- यहां तक कि महाराष्ट्र में महायुति सरकार भारी हार की ओर बढ़ रही है, उन्होंने सत्ता में अपने आखिरी कुछ दिनों में यही करना चुना है। निस्संदेह एक और मोदाणी उद्यम! इस धांधली सौदे के चौंकाने वाली जानकारी जल्द ही सामने आने वाली है। यह तय है कि आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति सरकार करारी हार के साथ सत्ता से बाहर होने जा रही है, फिर भी उन्होंने अपने आख़िरी के कुछ दिनों में ये करना चुना है। निस्संदेह यह मोदानी का एक और कारनामा है।

***केंद्रीय मंत्री गडकरी का बड़ा खुलासा...***

मुझे कोई भी प्रस्ताव आकर्षित नहीं कर सकता। हालांकि, गडकरी ने इस घटना को ज्यादा डिटेल में नहीं बताया, लेकिन इशारा किया कि यह बातचीत उस समय हुई जब यह कयास लगाए जा रहे थे कि बीजेपी पूर्ण बहुमत हासिल नहीं कर पाएगी और सरकार बनाने के लिए विपक्षी दलों के समर्थन की आवश्यकता हो सकती है। उन्होंने आगे कहा, मैंने स्पष्ट रूप से कहा कि मेरे पास कुछ सिद्धांत और विश्वास हैं, और मैं उन पर कोई समझौता नहीं करूंगा। इसके साथ ही गडकरी ने मीडिया से भी यही आग्रह किया कि वे भी अपने पेशे में इसी तरह की निष्ठा और ईमानदारी का पालन करें और इसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएं। 0 आरटीआई के जरिए ब्लैकमेलिंग पर गडकरी ने जताई चिंता- अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री गडकरी ने 'सुपारी' पत्रकारों की बढ़ती संख्या पर भी चिंता जताई, जो आरटीआई कानून का दुरुपयोग करके ब्लैकमेल और निजी फायदे के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि कुछ पत्रकारों ने अनैतिक तरीकों से मर्सिडीज जैसी लग्जरी कारें तक हासिल की हैं। उन्होंने अपने मंत्रीकाल के एक किस्से का जिक्र किया, जहां एक पत्रकार ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को ब्लैकमेल करने के लिए आरटीआई का सहारा लिया। गडकरी ने कहा, मेरे एक अधिकारी ने मुझे ब्लैकमेलिंग के बारे में बताया। मैंने उसे कहा, 'जब वह पत्रकार तुम्हारे ऑफिस में आए, तो दरवाजा बंद करो और उसकी अच्छी पिटाई करो' और उन्होंने वैसा ही किया। इसके बाद उस पत्रकार के अखबार का प्रकाशन बंद हो गया।


## ज्योतिष चमत्कार ( 16 सितम्बर 2024 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 73 | 87 | 97 | 09 |
| मंगल | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 89 | 95 | 07 | 13 |
| बुध | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 93 | 03 | 15 | 29 |
| गुरू | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 01 | 17 | 25 | 31 |
| शुक्र | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 19 | 23 | 35 | 47 |
| शनि | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 21 | 37 | 43 | 51 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 20 | 32 | 40 | 52 |
| मंगल | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 34 | 46 | 54 | 60 |
| बुध | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 42 | 56 | 68 | 74 |
| गुरू | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 58 | 64 | 76 | 80 |
| शुक्र | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 62 | 78 | 86 | 92 |

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | | | | 1 |
| सप्ताह का वरदान | | | | 2 |
| सप्ताह में अचूक | 5 | 6 | 7 | 0 |
| स्पेशल | 59 | 68 | 74 | 03 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | | | | 9 |
| सप्ताह का वरदान | | | | 8 |
| सप्ताह में अचूक | 2 | 3 | 4 | 7 |
| स्पेशल | 20 | 36 | 45 | 71 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | '70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | '79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 04 | 45 | 24 | 16 | 89 | 28 |
| 28 | 25 | 16 | 12 | 20 | 65 |
| 46 | 85 | 90 | 72 | 72 | 93 |
| 69 | 76 | 12 | 45 | 30 | 14 |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 06 | 71 | 06 | 01 | 39 |
| 82 | 53 | 80 | 33 | 75 |
| 05 | 98 | 77 | 68 | 42 |
| 83 | 84 | 07 | 48 | 04 |

**2023-24 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2023- -09
2024- 11-17-18-19-10-22-35-43-54-57-61-68-71-74-86-80-09

राजधानी नाईट 2023 -35-62
2024- 15-19-10-26-35-30-44-59-62-65--69-73-70-88-89-92-94-00

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# बड़ों द्वारा तय किए लक्ष्यों में पिछड़ते बच्चे



**पहले संयुक्त परिवारों में जहां बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए स्वस्थ माहौल व भावनात्मक सहारा मिलता था। वहीं आज उनकी दुनिया सिमटकर टीवी, गैजेट्स व कोचिंग संस्थानों तक हो गई है। एक ओर अकेलापन, अतिव्यस्तता, संवादहीनता, रिश्तों से दूरी, गलाकाट प्रतियोगिताएं, रैंक की चिंता, अच्छा कॉलेज न मिल पाने का भय, जो कि माता-पिता व संस्थानों द्वारा इस कदर दिखाया जाता है कि बच्चा स्वयं को अंक प्राप्त करने वाली मशीन समझने लगता है।**

रैंकिंग की अंधी रेस में हारने वाला बच्चा या तो अपनों द्वारा बेदर्दी से दुत्कार दिया जाता है या वह स्वयं को असफल मान लेता है। ऐसे में बच्चों के संघर्ष करने की ललक कम होती जाती है और उन्हें अवास्तविक सपनों का आसमान भयावह लगने लगता है। बेहतर 'प्रोडक्ट' बनाने की दौड़ में इन बच्चों पर परीक्षाओं का बोझ इस कदर लादा जाता है कि हर वर्ष की परीक्षाएं इन्हें जिंदगी की आखिरी परीक्षा लगती है और अस्थाई सफलता के लिए ये बच्चे झंझावतों से बचने का स्थाई रास्ता खुदकुशी के रूप में अपनाना ज्यादा सरल समझते हैं।

## अभिभावक क्या करें

### सपने देखने की आजादी

बड़ों द्वारा तय किए लक्ष्यों को हासिल करने की दौड़ में बच्चे अक्सर पिछड़ जाते हैं और इस तनाव से बच्चे टूट जाते हैं। इसलिए बच्चों के लक्ष्य तय करने के बजाए उन्हें अपने सपने खुद देखने दें, अपने लिए लक्ष्य उन्हें स्वयं तय करने की आजादी दें। आप उन्हें पूरा करने के लिए भरपूर सहयोग करें तथा उन्हें अपनी दुनिया जीने की आजादी दें।

### संवाद, विश्वास व धैर्य रखें

आप अपने व्यवहार में इतनी कठोरता न लाएं कि बच्चा आपसे अपनी समस्याएं, भावनाएं साझा करने में भी झिझकें। सदैव उन्हें सुनाने की बजाए उनकी बातों को धैर्यपूर्वक सुनें, फिर हौसला दें व सही रास्ते पर आगे बढ़ने के विकल्प सुझाए न कि अपना फैसला उन पर थोपें।

### छोटी-छोटी उपलब्धियों का जश्न मनाएं

अभिभावक, बच्चों का बेहतरीन करियर बनाने की चाह में उन्हें किसी 'बड़ी' सफलता हासिल करने की ओर धकेल देते हैं। इस अंधेरी डगर पर वे उनकी हर छोटी-छोटी खुशी को नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि आपको चाहिए कि बच्चों के साथ हर छोटी-छोटी खुशी का जश्न मनाएं, प्रसन्नता जाहिर करें, उनके साथ खुशियां बांटें। असफल होने पर जादू की झप्पी दें। यही छोटी-छोटी बातें उनमें जीवन के प्रति विश्वास जगाकर आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए समर्थ व सजग व्यक्तित्व बनाती हैं।

### योग्यता के अनुरूप अपेक्षाएं

आप बच्चे से उसकी काबिलियत के अनुरूप अपेक्षाएं रखें। करियर के ढेरों विकल्प हैं जिनसे बच्चों को अवगत करवाएं। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि उसने कितना स्कोर किया है। और न ही ये चंद कागज के टुकड़े किसी की सफलता के मापदंड हैं। हमारे सामने ढेरों मिसालें हैं जिनकी औपचारिक डिग्रियां अधूरी रहने के बावजूद उन्होंने सफलता के झंडे गाड़े हैं। आप उन्हें करियर के तमाम विकल्पों से अवगत करावाएं। सिर्फ प्राप्त अंकों के आधार पर विषय का चयन करने की बजाए बच्चे की रुचि, योग्यता, क्षमता आदि के आधार पर विषय चयन करने में मदद करें। करियर काउंसलिंग करवाएं। गलत विषय का चयन भी बच्चों को आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर कर देता है।

### सफलता का पैमाना अंक नहीं

कागजों में दर्ज कुछ परीक्षा के अंक सफलता का पैमाना नहीं है और न ही इससे करियर के अवसर कम होते हैं। जहां चाह होगी वहीं कोई न कोई राह निकल ही आएगी। बस इस बात को दिमाग में रखना जरूरी है कि कोई भी परीक्षा बच्चों की जिंदगी से बड़ी नहीं है।

### पैरेंट्स डायरी

हर कीमत पर बच्चे की मदद को तैयार रहें। उसकी शारीरिक-भावनात्मक स्थिति पर नजर रखें और प्रोफेशनल की मदद लेने को भी तैयार रहें। ताकि बच्चा अवसाद से न घिरे।

उसे भावनात्मक लगाव और सहयोग दें। उसकी बातें सुनें, आलोचना न करें और उनसे लगातार संवाद बनाएं रखें।

उसे अधिकाधिक सूचनाएं दें। लाइब्रेरी की सदस्यता दिलाएं, स्पोर्ट्स क्लब जॉइन कराएं, दोस्तों से मिलने-जुलने को प्रेरित करें, इंटरनेट पर दिलचस्प जानकारियां लेने को कहें, सामाजिक संस्था से जोड़ें।

### डॉक्टर डायरी

इस तरह के मामलों में स्थिति के बारे में कयास लगाने से बेहतर है हर चीज को गंभीरता से लिया जाए। एक डॉक्टर या काउंसलर के रूप में अभिभावक व बच्चे से हर विषय पर गहनता से चर्चा करना ही इस समस्या का सबसे सर्वोत्तम उपाय है।

उचित मार्गदर्शन, प्यार, विश्वास और धैर्य के साथ बेझिझक बातचीत करते हुए बच्चे के मन की बात जानना बेहद जरूरी है ताकि वह हर बात को बिना किसी डर के आपके समक्ष रख दे। शारीरिक हालत को देखते हुए तुरंत बच्चे की मनस्थिति समझने का प्रयास शुरू कर दें।







# जब हो ट्विन प्रेग्नेंसी

**प्रेग्नेंसी किसी भी स्त्री के जीवन में ढेर सारी खुशियां लेकर आती है लेकिन यह अपने साथ कई जटिलताएं भी लाती हैं। अगर गर्भ में जुड़वां बच्चे हों तो स्थिति और भी मुश्किल होती है। ऐसे में जरूरी होता है कि गर्भावस्था के दौरान खानपान का ध्यान रखा जाए, नियमित जांच कराई जाए और डॉक्टर के सुझाव पूरी तरह माने जाएं, ताकि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ और खुश रहें।**

गर्भाशय का आकार सामान्य से बड़ा हो और एक से अधिक गर्भ की हार्टबीट्स सुनाई दे रही हों तो डॉक्टर अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह देते हैं। इसी से पता लगता है कि यह ट्विन प्रेग्नेंसी है या नहीं। जैसे ही ट्विन प्रेग्नेंसी का पता चले, अपने और होने वाले बच्चे की बेहतरी के लिए कुछ जरूरी कदम उठाएं। ट्विन प्रेग्नेंसी की जटिलताएं सिंगल प्रेग्नेंसी से अलग होती है। इस दौरान कुछ खास परेशानियां हो सकती हैं-

ट्विन प्रेग्नेंसी में गैस्टेशनल डायबिटीज होने का खतरा बढ़ जाता है। इस दौरान कमजोरी अधिक हो सकती है। प्रसव के बाद ब्लीडिंग का खतरा भी ज्यादा रहता है। ट्विन प्रेग्नेंसी के अधिकतर मामलों में डिलिवरी के लिए सी-सेक्शन की जरूरत पड़ती है। प्रीमैच्योर बर्थ की आशंका अधिक होती है। इसके अलावा गर्भ पर अधिक भार के कारण शरीर में दर्द हो सकता है।

ट्विन प्रेग्नेंसी में एक से अधिक बार चेकअप की जरूरत होती है ताकि मां और बच्चे के स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जा सके। इसमें सबसे बड़ी समस्या यह आती है कि कई बार एक बच्चा कमजोर होता है और दूसरा स्वस्थ। ट्विन प्रेग्नेंसी में हर चौथे सप्ताह में चेकअप अवश्य कराएं। जैसे-जैसे प्रसव का समय नजदीक आता है डॉक्टर कुछ टेस्ट्स और अल्ट्रासाउंड कराने के लिए कह सकते हैं। ट्विन प्रेग्नेंसी में वजन अधिक बढ़ जाता है और यह बच्चे के विकास के लिए जरूरी भी होता है।

## इस दौरान रखें स्वास्थ्य का खयाल

- यदि किसी का वजन औसत है तो गर्भावस्था के दौरान प्रतिदिन सामान्य से लगभग 600 अतिरिक्त कैलरीज की जरूरत पड़ती है। कितनी कैलरी लेना होगी यह वजन, जरूरत और दिनचर्या पर निर्भर करता है।
- पोषक तत्वों का सेवन करें। फॉलिक एसिड, कैल्शियम, आयरन, प्रोटीन और दूसरे आवश्यक पोषक पदार्थों का सेवन अवश्य किया जाना चाहिए।
- गर्भावस्था में पर्याप्त पानी पीना जरूरी है ताकि शरीर में जल का सही स्तर बना रहे।
- उपवास या व्रत से बचें और भूखे पेट न रहें। ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर के अलावा बीच-बीच में हेल्दी स्नैक्स लें।
- बेड रेस्ट की सलाह खास जटिलताएं होने पर ही दी जाती हैं। आमतौर पर डॉक्टर सामान्य कार्य करने की सलाह देते हैं इसलिए बिना डॉक्टर की सलाह के बेडरेस्ट न करें। अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि बेड रेस्ट से प्रीमैच्योर डिलिवरी का खतरा बढ़ता है।
- अगर वजन तेजी से बढ़ रहा हो या तेज सिरदर्द हो तो डॉक्टर को दिखाएं।
- वजन ज्यादा होने से पैरों में सूजन आती है, इसलिए पैर लटकाकर देर तक न बैठें।
- नमक का सेवन कम करें ताकि ब्लडप्रेशर अधिक न बढ़े।



**हर एक के लिए फुर्सत के मायने अलग-अलग होते हैं। जैसे कुछ लोगों के लिए फुर्सत या छुट्टी का मतलब है बस घर में बैठे-बैठे कुछ करते रहना। एक-दो दिन अगर कहीं शनिवार-रविवार से जुड़े मिल जाएं तब तो कहने ही क्या! वे इतनी-सी छुट्टी पाकर भी बेहिसाब खुश होते हैं। अव्वल तो ऐसी छुट्टियों का इंतजार वे महीनों पहले से कर रहे होते हैं और उसी हिसाब से अपने कार्यक्रम सुनिश्चित कर ट्रेन या प्लेन टिकट से लेकर निकट या दूर के किसी शहर या कस्बे में होटल तक की बुकिंग करवा चुके होते हैं। कुछ लोग यह काम ग्रुप में करते हैं तो कुछ अकेले और कुछ परिवार के साथ।**

# छुट्टियों का लें भरपूर आनंद

कुछ-कुछ यानी कभी किसी कमरे को नए सिरे से सजाना तो कभी कोई किताब पढ़ना, बहुत दिनों से अधूरी पड़ी किसी पेंटिंग को पूरा करने की कोशिश या हारमोनियम-तबला लेकर बैठ जाना, किसी भूली-बिसरी धुन पर सिर धुनना और कोई सिरा पकड़ में आ जाने पर उसी की मस्ती में खो जाना। ऐसा कुछ भी या इससे भी भिन्न कुछ और, बस घर में बैठे-बैठे करते रहना। कुछ लोगों के लिए फुर्सत का मतलब चार दीवारों के दायरे से थोड़ा आगे बढ़कर बाहर निकलकर कुछ करना होता है। यह किसी बाजार या मॉल में जाकर शॉपिंग करना हो सकता है, किसी अजीज दोस्त या रिश्तेदार से मिलना हो सकता है, कोई हॉबी क्लास ज्वॉइन करना हो सकता है या फिर कुछ और। कुछ लोग योग या ध्यान के शिविर में चले जाते हैं, यानी फुर्सत पाते ही हर कोई अपनी पसंद का काम ढूंढ निकालता है।

## फुर्सत यानी कुछ और

लेकिन कुछ लोगों के लिए फुर्सत का मतलब यह सब भी नहीं होता। उनके लिए फुर्सत का मतलब सिर्फ छुट्टियां होता है। छुट्टियां अगर थोड़ी लंबी हों यानी हफ्ते-दो हफ्ते का समय मिल जाए तो बहुत अच्छा, वरना एक-दो दिन की त्योहारी छुट्टी ही मिले तो भी चलेगा। एक-दो दिन अगर कहीं शनिवार-रविवार से जुड़े मिल जाएं तब तो कहने ही क्या! वे इतनी-सी छुट्टी पाकर भी बेहिसाब खुश होते हैं। अव्वल तो ऐसी छुट्टियों का इंतजार वे महीनों पहले से कर रहे होते हैं और उसी हिसाब से अपने कार्यक्रम सुनिश्चित कर ट्रेन या प्लेन टिकट से लेकर निकट या दूर के किसी शहर या कस्बे में होटल तक की बुकिंग करवा चुके होते हैं। कुछ लोग यह काम ग्रुप में करते हैं तो कुछ अकेले और कुछ परिवार के साथ। हफ्ते-दो हफ्ते की छुट्टियां तो ऐसे लोगों के लिए बड़ी नेमत होती हैं। और हां, छुट्टियां वाकई नेमत होती हैं। ये आपको सिर्फ मानसिक सुकून ही नहीं देती, आपकी रचनात्मक क्षमता को बढ़ाती हैं और अर्थव्यवस्था के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। छुट्टियों को हमारे यहां अधिकतर सैर-सपाटे से जोड़कर देखा जाता है। इससे मनोदशा में बदलाव तो होता ही है, देश-विदेश की सभ्यता और संस्कृति की जानकारी भी मिलती है। लौटकर लोग खुद को ज्यादा ऊर्जावान महसूस करते हैं और नए उत्साह के साथ अपने रूटीन काम में जुट जाते हैं। जरूरी किस्म की छोटी या व्यावसायिक यात्राओं की बात अलग है, लेकिन आमतौर पर यह देखा जाता है कि लोग लंबी यात्राओं पर पूरे परिवार के साथ ही जाना चाहते हैं। इसकी कई वजहें हैं। माना जाता है कि इससे सफर का मजा बढ़ जाता है। पूरे परिवार के एक साथ कहीं पर्यटन पर जाने से समग्रता में बजट भी संतुलित रहता है।

## रिश्तों में जान

हम भारतीयों के लिए छुट्टियां केवल सेहत बनाने, कुछ सीखने, ज्ञान बढ़ाने और मौज-मस्ती करने ही नहीं, अपने मूल और रिश्तों को सहेजने का भी एक साधन है। मनोवैज्ञानिक विचित्रा दर्गन आनंद कहती हैं-'अब लोगों को इस बात का एहसास होने लगा है कि फैमिली हॉलिडे अपने रिश्तों को रिवाइव करने का अच्छा माध्यम हैं।' इसलिए साल में कम से कम एक बार लोगों को परिवार छुट्टियां बिताने का समय जरूर निकालना चाहिए। यह जरूरी नहीं है कि इसके लिए आपकी छुट्टियां बहुत लंबी हों या हर बार ढेर सारे पैसे खर्च करके आप विदेश यात्रा पर ही जाएं क्योंकि ऐसी छुट्टियों में डेस्टिनेशन के बजाय परिवार के साथ बिताए जाने वाले खुशनुमा पलों की ज्यादा अहमियत होती है।

सबके साथ घूमने का मजा ही कुछ और आज की जीवनशैली इतनी व्यस्त है कि एक ही छत के नीचे रहने के बावजूद लोगों को अपने परिवार के साथ फुर्सत के दो-चार पल बिताने का भी मौका नहीं मिलता। ऐसे में फैमिली हॉलिडे के बहाने उन्हें अपने परिवार के साथ क्वॉलिटी टाइम बिताने का मौका मिलता है। वैसे भी छुट्टियों में पूरे परिवार के साथ घूमने-फिरने का अपना अलग ही मजा है, पर ऐसी यात्रा की तैयारी करते समय सबकी रुचियों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है।

## चाहते क्या हैं

छुट्टियों पर जाने से पहले यह तय करें कि आप वास्तव में चाहते क्या हैं। यह फैसला किसी अन्य के दबाव या प्रभाव में नहीं होना चाहिए। अपनी पसंदीदा गतिविधि के अनुसार सही जगह का चुनाव करें। इसके लिए पहले से कार्यक्रम तय करें और बजट बनाएं।

## तय हो योजना

आप अपने रिलेक्सेशन के लिए जो कुछ भी करना चाहते हों, उसके लिए एक-एक दिन की पूरी योजना सुनिश्चित कर लें। योजना तय करते समय ध्यान भी रखें कि जरूरत के मुताबिक थोड़ी ढील की गुंजाइश भी हो। बहुत टाइट शेड्यूल भी तनाव का कारण बन जाता है और छुट्टियों का मजा किरकिरा कर देता है।

## जरूरी है जानकारी

कहते हैं आप जो कुछ भी करें उसकी पूरी जानकारी आपको होना चाहिए। इसी कड़ी में सबसे महत्वपूर्ण है सैर-सपाटा। आप जहां जाएं उस स्थान के बारे में इंटरनेट या पत्रिकाओं की मदद लेते हुए कई जरूरी जानकारियां एकत्रित कर लें ताकि आपको कोई दिक्कत न हो।

## छोटे बजट में

अगर आप फुर्सत के पलों का लुत्फ घुमक्कड़ी में तलाशते हैं और बजट आपको दूर देश जाने की इजाजत नहीं देता तो जरूरी नहीं कि आप जबरिया बजट खींचतान कर परेशानी मोल लें। आपके देश में भी देखने-जानने के लिए बहुत कुछ है। इन जगहों पर पर्यटन आप पूरे परिवार के साथ छोटे बजट में कर सकते हैं।

## तैयारी पहले से

लास्ट मिनट पैकिंग छुट्टियों के आनंद में सबसे बड़ी बाधा होती है। क्या ले जाना है और क्या नहीं, इसकी लिस्ट पहले ही बना लें। यह सही है कि बहुत बोझ दिक्कत का सबब होता है, लेकिन जरूरी चीजों का छूट जाना भी मुश्किल पैदा कर सकता है।

## तनाव को अलविदा

ऐसा कुछ भी जो आपके लिए तनाव का कारण हो और आपको रोजमर्रा रूटीन में बंधे रहने का एहसास दिलाए, उसे किनारे करें। यह मोबाइल या इंटरनेट भी हो सकता है और कुछ दोस्त, परिचित या रिश्तेदार भी। दैनिक जीवन के तनाव साथ लेकर न चलें।

## सहज रहें

छुट्टियों का असली लुत्फ रिलेक्स होने में है और रिलेक्सेशन मिलता है सहजता से। ऐसा कुछ भी जो सहज होने में बाधक बने, उससे दूर ही रहें तो ही ले सकेंगे पूरा मजा। अगर कोई चीज या किसी की गतिविधि आपको पसंद न आए तो उससे दूर हट जाएं।

# ईद-मिलादुन्नबी

**की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...**





































स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com